10 संजू सैमसन....



12 दीपिका पादूकोण...




झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, गुरुवार, 07 मई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -315 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# वंदे मातरम गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा, कैबिनेट की मंजूरी: अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा-जुर्माना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और असम में शानदार जीत के बाद, नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगान वंदे मातरम को जन गण मन के समान दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी - इन चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश - के चुनाव परिणामों के बाद मंगलवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में लिया गया। मंत्रियों ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत बताते हुए प्रधानमंत्री को बधाई भी दी। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम संबंधी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी है ताकि वंदे मातरम को भी उसी कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाया जा सके जो वर्तमान में राष्ट्रगान को संरक्षण प्रदान करता है। इसके लागू होने के बाद, वंदे मातरम के गायन के दौरान किसी भी प्रकार का अनादर या बाधा डालना संज्ञेय अपराध माना जाएगा।



राष्ट्रीय ध्वज, संविधान या राष्ट्रगान के अपमान से जुड़े मामलों में दंड का प्रावधान है, जिसमें कारावास, जुमार्ना या दोनों शामिल हैं। प्रस्तावित संशोधन वंदे मातरम पर भी इन प्रावधानों को लागू करेगा, जिसका अर्थ है कि उल्लंघन करने पर भी इसी तरह के कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मौजूदा नियमों के तहत, कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे बाधित करता है, उसे 3 साल तक का कारावास, जुमार्ना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है। बार-बार अपराध करने वालों को कम से कम एक साल की कैद की सजा हो सकती है। उम्मीद है कि संशोधन लागू होने के बाद ये प्रावधान राष्ट्रगान पर भी लागू होंगे। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक इतिहास में विशेष स्थान है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब देश इस प्रतिष्ठित रचना की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिससे मंत्रिमंडल के इस निर्णय का प्रतीकात्मक महत्व और भी बढ़ जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के अनादरपूर्ण उपयोग को रोकने के लिए 2005 में भी इसी प्रकार के संशोधन किए गए थे। पिछले वर्ष दिसंबर में संसद में हुई एक विशेष चर्चा के दौरान भी वंदे मातरम को समान दर्जा देने की मांग उठाई गई थी, जो इसकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई थी। प्रस्तावित संशोधन को जल्द ही संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। यदि यह पारित हो जाता है, तो यह भारत द्वारा अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को कानूनी रूप से मान्यता देने और उनकी रक्षा करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव लाएगा।

## लातेहार में जेजेएमपी के दो नक्सली गिरफ्तार, एके-47 समेत कई हथियार बरामद



झारखण्ड उजाला संवाददाता

**लातेहार।** जिले में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सलियों में लातेहार के महादेव सिंह और पलामू के पांकी के मनोज लोहरा शामिल हैं. पुलिस ने इन दोनों नक्सलियों को मनिका थाना क्षेत्र के कुरूमखेता जंगल से गिरफ्तार किया है. इनके पास से एक एके-47 राइफल, 2 एसएलआर राइफल समेत भारी संख्या में गोलियां भी बरामद हुई हैं.

### सूचना के आधार पर शुरू हुई छापेमारी

दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरुमखेता जंगल के आसपास प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के कुछ नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं. सूचना मिलने के बाद एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर मनिका थाना प्रभारी प्रभात दास और थाना प्रभारी यकीन अंसारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई. इसके बाद छापेमारी कर पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में गिरफ्तार नक्सलियों ने बताया कि वे लोग नक्सली संगठन जेजेएमपी के नक्सली हैं. बाद में तलाशी के दौरान उनके पास से एक एके-47 राइफल, दो एसएलआर राइफल, 318 गोलियां समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए.

### लेवी वसूलने के लिए इकट्ठा हुए थे नक्सली

इधर, इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लेवी और रंगदारी की वसूली को लेकर नक्सली किसी घटना की योजना बना रहे हैं. सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने कहा कि नक्सलवाद या हिंसा के रास्ते पर चलने वाले लोगों के पास अब एक ही रास्ता बचा हुआ है कि वह पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और समाज की मुख्य धारा में जुड़कर बेहतर जीवन शुरू करें. उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकारी प्रावधान के तहत सभी प्रकार की सुविधा दी जा रही है. लेकिन जो लोग नक्सलवाद का रास्ता अभी भी नहीं छोड़ेंगे, उन्हें गंभीर परिणाम भुगतना होगा. बता दें कि कुछ वर्ष पहले तक लातेहार तथा आसपास के जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में जेजेएमपी का वर्चस्व हुआ करता था. लेकिन पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के कारण नक्सलियों का दबदबा कुछ साल से धीरे-धीरे खत्म हो गया. जेजेएमपी के सुप्रीमो के मारे जाने के बाद संगठन के लगभग सभी बड़े नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिए थे. जिस कारण जेजेएमपी नक्सली संगठन लातेहार जिले में लगभग समाप्त हो गया. इधर, लेवी और रंगदारी की चाह को लेकर नक्सली संगठन से जुड़े कुछ लोग फिर से जेजेएमपी नक्सली संगठन के वर्चस्व को स्थापित करने का प्रयास शुरू किए थे.

## बंगाल में धधक रही हिंसा की आग : टीएमसी-बीजेपी कार्यकताओं के बीच खूनी भिड़ंत

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजे आते ही राज्य एक बार फिर चुनावी हिंसा की आग में झुलस उठा है। कोलकाता से लेकर आसनसोल और बीरभूम तक हिंसा की खबरें आ रही हैं। कहीं राजनीतिक दलों के दफ्तर फूंके जा रहे हैं, तो कहीं बुलडोजर के जरिए अवैध कब्जों और संपत्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। विपक्षी दलों और सत्ता पक्ष के बीच बढ़ती रंजिश ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, जिससे पूरे राज्य में दहशत का माहौल है।

### आसनसोल में भारी बवाल: टीएमसी कार्यालय में लगाई आग

आसनसोल में चुनावी नतीजों के तुरंत बाद स्थिति अनियंत्रित हो गई। यहाँ तृणमूल कांग्रेस के एक क्षेत्रीय कार्यालय को प्रदर्शनकारियों ने निशाना बनाया और उसमें आग लगा दी। दफ्तर के भीतर रखा फर्नीचर और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। घटना के समय इलाके में भारी पथराव भी हुआ, जिससे कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस की भारी मौजूदगी के बावजूद प्रदर्शनकारियों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है और सुरक्षा बलों को स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज का सहारा लेना पड़ा।

**बमबारी और आगजनी से बंगाल में मची हाहाकार**



### कोलकाता में बुलडोजर एक्शन: अवैध निमार्णों पर प्रहार या राजनीतिक संदेश?

राजधानी कोलकाता के कई इलाकों में नतीजों के बाद अचानक बुलडोजर की हलचल बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से कुछ विशेष क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है, जिसे लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि हार-जीत के समीकरणों के आधार पर चुनिंदा लोगों के घरों और दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, नगर निगम और प्रशासन का कहना है कि यह एक नियमित प्रक्रिया है और इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, सड़कों पर उतरकर लोग इस 'बुलडोजर एक्शन' का विरोध कर रहे हैं।

### उत्तर 24 परगना में पुलिस पर फायरिंग, 5 जवान घायल, एउसख्त

पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणामों के बाद हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार देर रात उत्तर 24 परगना जिले के नैजाट इलाके में हिंसक झड़प के दौरान पुलिस पर फायरिंग की गई, जिसमें पांच जवान घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घटना नैजाट थाने के राजबाड़ी इलाके में हुई, जहां दो गुटों के बीच झड़प की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान एक घर के अंदर से अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। इस हमले में थाना प्रभारी भारत प्रसून कर और एक कांस्टेबल को गोली लगी।

### जगह-जगह हिंसक झड़पें और बमबारी

**बीरभूम और मुर्शिदाबाद:** इन क्षेत्रों में भाजपा और टीएमसी कार्यकताओं के बीच सीधी भिड़ंत हुई है। कच्ची सड़कों पर बम फेंके जाने की घटनाओं से गांव के लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं।

**कार्यकताओं पर हमले:** दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के कार्यकताओं के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो राज्य की भयावह स्थिति को बयां कर रहे हैं।

### पुलिस और अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च

बिगड़ती कानून-व्यवस्था को देखते हुए कोलकाता पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च शुरू कर दिया है। चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की ओर से राज्य सरकार को हिंसा रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। राज्यपाल ने भी मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब कर रिपोर्ट मांगी है। राज्य के कई हिस्सों में धारा 144 लागू कर दी गई है और इंटरनेट सेवाओं पर भी निगरानी रखी जा रही है ताकि अफवाहों को फैलने से रोका जा सके। हिंसा के इन मामलों पर राजनीति भी चरम पर है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे विपक्षी दलों की साजिश बताया है, वहीं भाजपा का कहना है कि टीएमसी हार की बौखलाहट में उनके कार्यकताओं को निशाना बना रही है।

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**अलाहमद अंसारी**
**सामाजिक कार्यकर्ता**

**जीवन कोई समस्या नहीं है जिसे सुलझाना है, बल्कि एक अनुभव है जिसे जीना है। खुश रहने का सबसे अच्छा तरीका अपने कार्यों में व्यस्त रहना और सकारात्मक दृष्टिकोण रखना है। छोटी-छोटी बातों पर परेशान न हों, अपने प्रयासों पर भरोसा रखें और खुद को कमजोर न समझें, क्योंकि आपकी सोच ही आपको सबसे अलग बनाती है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,44,678**
चांदी (प्रति किलो) : **2,70,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,958.52**
निफ्टी :- **24,330.95**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **32°**
न्यूनतम तापमान : **20°**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:11**
संध्या :- **18:19**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1946 को जापान में सोनी कॉपोरेशन की स्थापना इबुका मासारू और मोरिता अकियो द्वारा की गई।**

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में नई सरकार का रास्ता साफ, ईसी ने गवर्नर को भेजा नोटिफिकेशन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब नई सरकार के गठन की राह पूरी तरह साफ हो गई है। भारत का चुनाव आयोग ने मंगलवार को नई विधानसभा के गठन के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को भेजी गई है, जिसके साथ ही राज्य में चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया समाप्त मानी जा रही है। अब अगला चरण सरकार गठन का है, जिस पर जल्द ही कार्रवाई शुरू होगी। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नई विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी करना एक महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया होती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया सही तरीके से आगे बढ़े। इस कदम के बाद अब राज्य में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर बैठकों और रणनीति बनाने में जुट गए हैं, ताकि जल्द से जल्द सरकार का गठन किया जा सके।

### सरायकेला में बिजली के तारों ने ली हाथी की जान, जांच में जुटा वन विभाग

**सरायकेला:** जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह और सपारूम गांव के जंगल में एक जंगली हाथी का शव बरामद किया गया है. शुरूआती जांच में हाथी की मृत्यु का कारण हाई वोल्टेज बिजली के तारों की चपेट में आना बताया जा रहा है. जैसे ही ग्रामीणों को हाथी की मौत की सूचना मिली, तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए तिरुलडीह पुलिस और वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से तिरुलडीह और सपारूम के जंगलों में हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा है. इस जंगल के इलाके से गुजरने वाले बिजली के लटकते तार जंगली जानवरों के लिए मौत का जाल बन गए हैं.









# राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ में प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है: कुलाधिपति**




रामगढ़ ।बुधवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में प्लेसमेंट ड्राइव का भव्य आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण , प्रतिष्ठित कंपनियों के साक्षात्कारकर्ताओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।स्वागत भाषण कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने दिया और उन्होंने कहा कि कहा कि आज का दिन हमारे विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण है, क्योंकि यह अवसर हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। मैं विशेष रूप से उन प्रतिष्ठित कंपनियों का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने हमारे परिसर में आकर हमारे विद्यार्थियों को अपने साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया।प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल प्रतिष्ठित कंपनियां में कल्याणी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, ट्रिपल डॉट सॉफ्टवेयर सर्विसेज , आयुदा सॉल्यूशन , कंस्ट्रक्स एंड यूनिफाइ एच आर एंड आईटी सॉल्यूशन रांची के प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया तथा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ना एवं उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना था। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों को इंटरव्यू, ग्रुप डिस्कशन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण भी दिया गया। विश्वविद्यालय कुलाधिपति बी एन साह ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाना विश्वविद्यालय का प्राथमिकता है। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, कौशल विकास एवं आधुनिक तकनीकी ज्ञान पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। और उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और अवसर से ही युवा अपने सपनों को साकार करते हैं।कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा है पढ़ाई सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होती, यह सोच, संस्कार और व्यक्तित्व का विकास भी करती है।इस आयोजन को सफल बनाने में प्लेसमेंट सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, प्लेसमेंट सेल के कॉर्डिनेटर सदस्य विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के प्रति

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु की छात्राओं का इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु की छात्राओं ने इंटरमीडिएट (कला संकाय) परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा 6 मई को घोषित परिणाम में विद्यालय की सभी के सभी 63 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। इनमें सुनेमा कुमारी ने 410 अंक (82%), कविता कुमारी ने 409 अंक (81.8%), मनीषा कुमारी ने 408 अंक (81.6%) और आकांक्षा गिरी ने 404 अंक (80.8%) प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। इस सफलता पर विद्यालय की वार्डन सह फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ने छात्राओं को बधाई देते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम बताया और भविष्य में भी इसी तरह प्रयासरत रहने का संदेश दिया। साथ ही विद्यालय की शिक्षिका ज्योति कुमारी, स्वाति तिर्की, सीता कुमारी, रानी ओडेया, प्रिया कुमारी, सिंधु कुमारी, दीनानाथ यादव, गीता देवी, मनिता कुमारी और पूजा प्रसाद सहित सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने ब्रज किशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय का दौरा किया




**रामगढ़।** सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की सदस्यों ने रांची स्थित ब्रज किशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय का दौरा किया। इस विद्यालय में कक्षा 1 से लेकर स्नातक तक की कुल ३२ छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहां कई बालिकाएं कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं तथा कॉल सेंटर में कार्य करने का प्रशिक्षण भी ले रही हैं, जो विद्यालय परिसर में ही संचालित है।क्लब की ओर से छात्राओं के लिए बेड कवर, लेगिंग्स एवं अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही दो बालिकाओं के कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं कॉल सेंटर पर कार्य करने के प्रशिक्षण कोर्स की फीस भी दी गई, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवनयापन के लिए सक्षम हो सकें और ये नेत्रहीन बालिकाएं एक सामान्य जीवन जीने के काबिल बन सके।इसके अलावा फल, मिठाइयां एवं अन्य खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया, जिससे छात्राओं के बीच खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ के साथ पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता, मेघा बगरिया, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ, रंजू अग्रवाल, दीपा वडेरा, बिजया लक्ष्मी आएगर,पिंकी गांधी, जसमीत सोनी श्वेता जैन एवं अंबाली जैन आदि उपस्थित थीं।क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और भविष्य में भी क्लब इसी तरह के प्रयास जारी रखेगा।

## मारवाड़ी युवा मंच, चेतना शाखा द्वारा चलित प्याऊ सेवा कार्य का छठा दिन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़** ।मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा द्वारा 1 मई से भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जन सेवा के उद्देश्य से चलत प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा निरंतर सुचारू रूप से संचालित की जा रही है जिसे राहगीरों को गर्मी से राहत मिल सके। आज 6ठँ मई सेवा कार्य का छठा दिन सफलतापूर्वक रांची रोड के सब्जी मंडी में 25 सब्जी वाले और 150 राहगीरों को लगभग 380 ग्लास रूह अफजा और 190 गिलास ठंडा पानी वितरित कर उनको गर्मी से राहत प्रदान की गई। आज इस सेवा कार्य में अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल,नेहा जैन, विजेता अग्रवाल,राखी सरावगी और श्वेता अग्रवाल ने उपस्थिति दर्ज की। इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का शाखा हृदय से आभार व्यक्त करती है।

# कटिया मंडा 25-26 मई को

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**पतरातू:** बुधवार को ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के कटिया शिव मंदिर प्रांगण मे कटिया शिव पूजा मंडा समिति की बैठक की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो और संचालन वकील महतो तथा पंकज महतो के द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा कहा गया कि बैठक में सर्वसम्मति से 25-26 मई को मंडा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। झारखंड में मंडा पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि इसका गहरा धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध है। मंडा पूजा का सीधा संबंध भगवान शिव से माना जाता है। लोग शिवजी को प्रसन्न करने के लिए व्रत और पूजा करते हैं। मान्यता है कि इससे दुख-दर्द दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह पूजा प्रकृति और कृषि से संबंधित है। यह पूजा गर्मी के समय (वैशाख-ज्येष्ठ) में होती है। यह समय खेती शुरू होने से पहले का होता है। लोग अच्छी बारिश और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं। यानी मंडा पूजा का सीधा संबंध कृषि और प्रकृति से भी है। इससे समाज में एकता और भाईचारा बढ़ता है। इस पूजा में लोग कठिन तपस्या करते हैं जैसे अंगारों पर चलना तथा शरीर पर कील चूभाकर जमीन से 15 फीट ऊंचा झूलना यह उनकी श्रद्धा, विश्वास और आत्म-नियंत्रण को दशार्ता है।

मंडा पूजा झारखंड की लोक-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।यह पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही परंपरा है। मंडा पूजा का संबंध केवल पूजा-पाठ से नहीं, बल्कि धर्म, प्रकृति, समाज, आस्था और संस्कृति इन सभी से जुड़ा हुआ है। इस संबंध में अगला बैठक 10/5/2026 को कटिया शिव मंदिर में सुबह 7:00 बजे से होगा। जिसमें सफल आयोजन हेतु कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से उप मुखिया नंद किशोर महतो भुवनेश्वर महतो कैलाश चंद्र महतो कोलेश्वर महतो मनीष कुमार गोविंद महतो सुखन महतो पंकज महतो सुनील महतो आनंद महतो प्रमोद कुमार राजेश महतो सुमित कुमार खेमलाल महतो निक्की कुमार आकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## कला ,विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में राधा गोविंद इंटर कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रामगढ़** ।जैक द्वारा जारी परिणाम में राधा गोविंद इंटर कॉलेज रामगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा । संकाय कला के परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कला संकाय में कुल 462 परीक्षार्थी शामिल थे जिसमें 347 छात्र/छात्राएँ प्रथम श्रेणी, 94 छात्र/छात्राएँ द्वितीय व शेष तृतीय श्रेणी में सफल हुए ।महाविद्यालय से कला संकाय के कुन्दन कुमार ठाकुर (449) अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर के साथ साथ जिला में 5वाँ स्थान रहा। जैयनब प्रवीण (433) अंक के साथ दूसरे एवं तन्नु कुमारी (422) अंक के साथ तीसरे स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया ।विज्ञान संकाय में कुल 409 परीक्षार्थी शामिल थे जिसमें 298 छात्र / छात्राएँ प्रथम श्रेणी एवं 60छात्र/छात्राएँ द्वितीय श्रेणी में सफल हुए । महाविद्यालय से विज्ञान संकाय के टॉपर प्रिंस कुमार (451) अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर के साथ साथ जिला में 9वाँ स्थान रहा। वहीं प्रियंका कुमारी (441) अंक के साथ दूसरे एवं अमित कुमार एवं मिहिर गुप्ता (440) अंक के साथ तीसरे स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया ।वाणिज्य संकाय में कुल 182 परीक्षार्थी शामिल थे जिसमें 100 छात्र / छात्राएँ प्रथम श्रेणी एवं 68 छात्र/छात्राएँ द्वितीय श्रेणी में सफल हुए ।महाविद्यालय से वाणिज्य संकाय के टॉपर अंशु कुमारी (445) अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर के साथ साथ जिला में दुसरा स्थान एवं अकाश केसरी (428) अंक के साथ जिला में 5वाँ स्थान एवं खुशी कुमारी गुप्ता (422) अंक के साथ तीसरे स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया।इस उत्कृष्ट सफलता पर महाविद्यालय के सचिव श्री बी. एन. साह, प्रबंधन समिति के सदस्या सुश्री प्रियंका कुमारी, संजय कुमार, अजय कुमार, फुलमती देवी, प्राचार्या श्रीमती सोमा पाण्डेय एवं शिक्षक-शिक्षिकायें ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लोहरदगा जिला अधिवक्ता संघ ने झारखण्ड स्टेट बार कॉसिल के विजयी अभिषेक भारती का किया गर्मजोशी से अभिनन्दन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा मेरा जन्म भूमि कर्म भूमि है जिला के अधिवक्ता गणों की समस्याओं का होगा निदान : अभिषेक भारती**



**लोहरदगा :** लोहरदगा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा की अध्यक्षता में झारखण्ड स्टेट बार कॉसिल के विजयी प्रत्याशी अभिषेक भारती का हुआ अभिनन्दन समारोह` कार्यक्रम में उपाध्यक्ष देवशीष कार, महामंत्री लाल दीपक नाथ शाहदेव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार देवघरिया, सह सचिव प्रशासन लाल धर्मेंद्र देव, अनूप रॉय, प्रवीण भारती, अब्दुल रब, मोमिना खातून, नवल किशोर अग्रवाल, मोती अग्रवाल, सचिन कुमार, पारण अग्रवाल, अनील पाण्डेय, सुरीला देवी, स्वेता कुमारी, चंद्रप्रकाश पाठक, तरुण देवघरिया, गौतम देवघरिया, नसीम अंसारी, विवेक सिंघल, राखा साहू, अखिलेश कुमार आदि अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे` सर्वप्रथम अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा और महामंत्री लाल दीपक नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष देवशीष कार द्वारा बुके देकर स्वागत और अभिनन्दन किया गया एवं अधिवक्ता गणों की ओर से अधिवक्ता सुरीला देवी एवं अन्य द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया` इस अवसर पर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा की झारखण्ड स्टेट बार एसोसिएशन के चुनाव में 677 मत लाना अनिवार्य था एवं 100अधिवक्ता पुरे राज्य से चुनाव में भाग लिए थे उसमे स्थानीय लोहरदगा जिला निवासी युवा अधिवक्ता अभिषेक भारती पुरे झारखण्ड में तीसरा स्थान प्राप्त कार विजयी हुए है जो जिला और हम अधिवक्ता के लिए गर्व की बात है ` वहीं अभिषेक भारती ने कहा की मेरा जन्म भूमि, कर्म भूमि लोहरदगा है इसलिए लोहरदगा अधिवक्ता संघ और अधिवक्ता हित में बेहतर कार्य करना चाहूँगा जो भी समस्याएँ है उनका निदान कराने और अधिवक्ता को लाभ दिलाने का भरसक प्रयास होगा` इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवशीष कार, महामंत्री लाल दीपक नाथ शाहदेव, सामाजिक नेतृत्व ओह्म प्रकाश सिंह ने अभिषेक भारती के विजयी होने पर उन्हें बधाई और सुभकामनाएँ दिया है`

## प्लस टू बंदा का आदर्श कुमार 12वीं कला संकाय में रामगढ़ जिला का बना तीसरा टॉपर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** झारखंड अधिविध परीक्षा परिषद रांची के द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट 2026 के वार्षिक परीक्षा में गोला प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बंदा का आदर्श कुमार 461 अंक प्राप्त कर 12 वीं कला संकाय में रामगढ़ जिला का तीसरा टॉपर बना। इंटरमीडिएट कला संकाय का परीक्षा परिणाम जारी होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। आदर्श के पिता किशोर महतो ने खेती कर अपना बच्चे को परवरिश करते हैं। घर में आदर्श के अलावा एक छोटी बहन भी है। आदर्श ने बताया कि मेरा परिणाम के पीछे माता पिता के अलावा हमारे विद्यालय के शिक्षकों का मेहनत है । आदर्श कुमार आगे प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करने का लक्ष्य बताया है। आदर्श का जिला का दूसरा टॉपर बनने पर पंचायत मुखिया कुलदीप साव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रेणु देवी, प्रधानाध्यापक इम्तियाज अहमद, शिक्षक युगल किशोर पटेल, मिथलेश कुमार रविदास, दिलीप महतो, छत्रु महतो, किरण कुमारी, रीना कुमारी, प्रवीण सिंहा, वकील अहमद अंसारी, प्रदीप राम करमाली, जय प्रकाश यादव, रेखा टंडन, सरिता कुमारी, विद्या कुमारी, कोलेश्वर कपरदार, रजनीकांत शर्मा, मसरूर आलम, जितेंद्र करमाली ने आर्दश के उज्जवल भविष्य के बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।

## बी एड कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का दूसरे दिन

**रामगढ़/रजरप्पा।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा के बहुउद्देशीय सभागार में बुधवार को आईक्यूएसी (IQAC) के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस का सफल आयोजन किया गया। व्याख्यान श्रृंखला का विषय ह्लडिजिटल एवं आधुनिक शिक्षाह्व रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० अरुण कुमार मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूसीईटी), विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता का स्वागत अंगवस्त्र, पौधा एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मोहम्मद परवेज अख्तर, सहायक प्राध्यापक द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें डिजिटल एवं आधुनिक शिक्षा के महत्व तथा वर्तमान समय में तकनीकी नवाचारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता द्वारा शिक्षा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT), स्मार्ट क्लासरूम एवं डिजिटल उपकरणों का उपयोग, ऑनलाइन शिक्षण की चुनौतियाँ एवं अवसर, शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा ब्लेंडेड लर्निंग अप्रोच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने वर्तमान शिक्षण प्रणाली में डिजिटल तकनीकों के समुचित उपयोग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नयन कुमार मिश्रा द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन बाबूचंद प्रसाद, आईक्यूएसी प्रभारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का द्वितीय दिवस प्रशिक्षुओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। आगामी दिवसों में भी विभिन्न शैक्षणिक एवं समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

## ईमा इण्टर कॉलेज लोहरदगा कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में जिले में बेहतर प्रदर्शन






झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

ईमा इण्टर कॉलेज लोहरदगा कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में जिले में बेहतर प्रदर्शन रहा। विज्ञान संकाय में सना संजरी पिता युसूफ अंसारी ने 437 अंक लाकर जिले में तृतीय एवं महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदिल अख्तर 428 अंक जिले में छठा स्थान कोमल उरांव 425 अंक जिले में आठवां स्थान तथा श्रेष्ठ राज 418 अंक लाकर जिले में दसवां अंत प्राप्त किया इस प्रकार विज्ञान संकाय में जिले में टॉप 10 में 4 छात्र-छात्राओं ने शामिल हुए। कला संकाय प्रथम स्थान वजीदा परवीन 378 अंक द्वितीय गुरु दयाल भगत 375 अंक असगरी खातून 346 अंक एवं नारसिंह परवीन 337 अंक प्राप्त किया । वाणिज्य संकाय में सम्बुल परवीन 395 अंक प्रथम स्थान मनीष कुमार इंदवार 377 अंक द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान खुशबू उराव 342 अंक लाकर प्राप्त किया!

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कि छात्राओं का जिला स्तरीय अस्मिता खेल प्रतियोगिता मे राज्य स्तर के लिए हुआ चयन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



रामगढ़:श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कि छात्राओं ने हाल ही में आयोजित अस्मिता खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया ।कबड्डी अंडर 19 में विद्यालय दूसरे स्थान मे रहा । वुशू मे अंजनी कुमारी स्वर्ण पदक, एवं खुशी बरनवाल, स्नेहल अग्रवाल, मलकानाज ,कनक बरनवाल, जानवी कुमारी, मनीषा कुमारी, सिल्वर पदक की विजेता रही, वहीं युद्धकला अंडर 14 में आकृति कुमारी स्वर्ण पदक एवं सिमरन कश्यप, श्रव्या कुमारी , आलिया परवीन,अनन्या कुमारी, प्रांजलनंदिनी ने सिल्वर एवं ब्रोंज पदक प्राप्त किया ।जूड़ोअंडर-19 में अंजलि ने स्वर्ण पदक,अलीया ने सिल्वर अनन्या कुमारी ने ब्रांज श्रेयसी कुमारी ने सिल्वर आकृति कुमारी ने गोल्ड प्रांजल नंदिनी ने सिल्वर पदक प्राप्त किया ।वहीं दो सौ मीटर रेस में आकृति ने सिल्वर पदक और लॉन्ग जंप में ब्रांज पदक प्राप्त किया। विभिन्न खेलों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया ।अस्मिता खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय पर हुआ है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय की प्रार्थना सभा के दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को मंच पर बुलाकर उन्हें पुरस्कार प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी सिखाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनकी मेहनत की सराहना की। यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा और उन्होंने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य– सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह

## महाविद्यालय के भैया-बहनों ने जिला स्तर पर लहराया परचम



**जिला टॉप 10 में दूसरा, तीसरा, नवां और दसवां स्थान महाविद्यालय के भैया-बहनों ने प्राप्त किया**

**लोहरदगा:** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के भैया बहनों ने जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन कियो महाविद्यालय के सभी भैया बहनों का इंटर विज्ञान एवं कला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहो इंटर विज्ञान की परीक्षा में टॉप 10 में कुमारी अंतरा 84.2%, हेमा कुमारी 82.4% , सूरज यादव 80.8% , रितिका साहू 80.2%, अन्नू कुजूर 78.8%,आदित्य कुमार 77.4% , सिमरन कुमारी 77% , चांदनी परवीन 75.2%, नैंसी उरांव 74.8%, प्रियांशु साहू 73.6% साथ ही 12वीं इंटर कला में टॉप 10 में अमित उरांव (90.2%), नुसरत जहाँ (89.8%), अनुराधा कुमारी (86.8%), हिमांशु उरांव (84.2%), अभिजीत टोप्पो (81.8%) ,प्रीतम यादव (81%) ,रूपरानी कुमारी (80.2%) ,पूनम उरांव (79.6%), राधिका कुमारी (79.6%) , अनुज कुमार (79%), आशा प्रशंसा टोप्पो (78.8%) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन कियो इस अवसर पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख श्रीमान ओम प्रकाश सिन्हा, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, विपिन कुमार दास, नीतू कुमारी ने सभी टॉप 10 भैया बहनों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बधाइयां दी` इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी भैया-बहनों को शुभकामनाएं दी

# व्हाट्सएप पर आया शादी का कार्ड, ओपन करते ही खाते से उड़ गए 2.73 लाख

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची में पिछले 1 सप्ताह के भीतर साइबर ठगी के एक दर्जन से ज्यादा मामले थानों में रिपोर्ट किए गए हैं. किसी का मोबाइल हैक कर तो किसी के एटीएम में जालसाजी कर ये सभी ठगी की गई है. साइबर अपराधी अब व्हाट्सएप पर शादी का कार्ड भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं.

### शादी का कार्ड भेज उड़ा लिया 2.73 लाख

रांची के हेहल निवासी रामचंद्र से भी साइबर अपराधियों ने इसी तरह का हथकंडा अपनाकर उनका मोबाइल हैक किया, फिर खाते से 2.73 लाख रुपए उड़ लिए. इस संबंध में रामचंद्र ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. रामचंद्र ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को उनके व्हाट्सएप पर एक शादी का कार्ड आया, जिसे वह खोलने के लिए क्लिक किया और उनका मोबाइल हैक हो गया. इस दौरान दो मई को उनके खाते से पांच बार में 2.73 लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई. फोन पर पैसे निकासी का मैसेज आने के बाद इसकी जानकारी मिली. रांची के डोरंडा के रहने वाले रवि शंकर कुमार के खाते से अपराधियों ने 62 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली है. इस घटना को अपराधियों ने उस समय अंजाम दिया, जब रवि शंकर का एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया था. इस संबंध में रवि शंकर ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. रवि शंकर ने पुलिस को बताया कि तीन मई की शाम कुसई कॉलोनी स्थित एक एटीएम में पैसा निकासी के लिए गए थे. मशीन में कार्ड डालने के बाद फंस गया, लेकिन राशि निकासी का मैसेज आया. काफी प्रयास के बाद भी राशि नहीं निकल सकी. एटीएम में लिखे नंबर पर संपर्क करने पर संबंधित व्यक्ति ने रात आठ बजे एटीएम आने की बात कही. उसी व्यक्ति ने उनका एटीएम निकाल कर उन्हें दिया, लेकिन कुछ देर बाद उनके खाते से 10 हजार और 52 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गयी. संबंधित व्यक्ति से मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो फोन स्वीच ऑफ था.

### मोबाइल चुराकर खाते से उड़ा लिए 1.60 लाख

रांची के रातू निवासी विमल उरांव का मोबाइल चुराकर उनके खाते से 1.60 लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई. इस संबंध में विमल उरांव ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. विमल ने पुलिस को बताया कि वह राजधानी ट्रेन में सफाई का काम किया करते हैं. इस दौरान उसका मोबाइल चोरी हो गया. उस मोबाइल में कई कागजात भी थे. नया सिम कार्ड लगाने पर उसमें पैसे की निकासी की सूचना आने लगी.

### बिजली बिल अपडेट का झांसा देकर खाते से उड़ाया 65 हजार

रांची के हिनू निवासी शिव प्रसाद से साइबर अपराधियों ने बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर उनके खाते से 65 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली. इस संबंध में शिव प्रसाद ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. शिव प्रसाद ने पुलिस को बताया कि एक मई को उन्हें एक व्यक्ति ने फोन किया और बिजली बिल अपडेट करने की बात कही. फोनकर्ता ने उन्हें एपीके फाइल उनके व्हाट्सएप पर भेजा. जिसे ओपन करने के बाद उनके खाते से दो बार में 65 हजार की अवैध निकासी कर ली गई. रांची के पिस्का नगड़ी के रहने वाली मोनिका कुमारी का मोबाइल हैक कर उनके खाते से 2.75 लाख रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है.

# रांची में ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स पैडलर्स गिरफ्तार, तस्करों का बिहार से है कनेक्शन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी की अरगोड़ा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग्स पैडलर्स को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने दोनों तस्करों को अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार पैडलर्स के पास से कई ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है.

### बिहार से लाते थे ड्रग्स

गिरफ्तार आरोपियों में अशोक नगर निवासी संजय कुमार साहू और कडरू निवासी सुजीत कुमार सिंह शामिल हैं. इनके पास से पुलिस ने 20 पुड़िया (5.6 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किए हैं. इन दोनों आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह बिहार के औरंगाबाद जिले के एक नेता से ब्राउन शुगर खरीदकर रांची लाते हैं और उसे बाजार में ऊंची कीमत में बेच देते हैं. आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया है कि जितने भी ऑडर नेताजी के व्हाट्सएप नंबर पर देते हैं, औरंगाबाद पहुंचते ही उन्हें पूरा कर दिया जाता है.

### 300 रुपए में बेचते हैं ब्राउन शुगर

सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अरगोड़ा स्टेशन के समीप कुछ लोगों द्वारा मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त की जा रही है. सूचना के आलोक में एसपी (नगर) के निर्देशन में सहायक एसपी, कोतवाली के नेतृत्व में अरगोड़ा थाना एवं कोतवाली थाना की संयुक्त टीम का गठन किया गया.

### 20 पुड़िया ब्राउन शुहर जब्त

गठित टीम मंगलवार को अरगोड़ा स्टेशन के पास पहुंची. दोनों आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे. दोनों को पुलिस की मदद से पकड़ लिया गया. तलाशी के क्रम में दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने 20 पुड़िया ब्राउन स्टोन का सिलवर फाइल बरामद किया है. पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह 200 रुपए प्रति पुड़िया खरीदते हैं और उसे 250 से तीन सौ रुपए में बेच देते हैं. आरोपियों ने पुलिस को आगे बताया कि ग्राहक सेट रहते हैं वह खुद आकर खरीद कर ले जाते हैं.

# महिला कांग्रेस का लोकभवन के सामने होने वाला प्रदर्शन स्थगित, पार्टी ने बतायी वजह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड महिला कांग्रेस ने लोकभवन के समक्ष 6 मई को प्रस्तावित विशाल धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को अचानक स्थगित कर दिया है. महिला आरक्षण कानून (2023) के तत्काल क्रियान्वयन की मांग को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह प्रदर्शन रखा गया था.

### प्रदर्शन स्थगित, पोस्टकार्ड अभियान जारी

झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रमा खलखो ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार भाजपा या एनडीए शासित राज्यों में ₹महिला आरक्षण-2023 लागू करो, आज करो-अभी करो₹ के तहत प्रदर्शन और पोस्टकार्ड अभियान चलाने थे. हालांकि झारखंड में भाजपा की महिला-विरोधी छवि उजागर करने के उद्देश्य से लोकभवन के समक्ष प्रदर्शन की योजना बनाई गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा. खलखो ने स्पष्ट किया कि पोस्टकार्ड लेखन अभियान पूरे जोर-शोर से जारी रहेगा. विभिन्न क्षेत्रों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पोस्टकार्ड लिखे जा रहे हैं, जिनमें 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करने और ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की गई है.

### तिथि में बदलाव, अंतिम समय में स्थगन

महिला कांग्रेस ने पहले 4 मई 2026 को प्रदर्शन की घोषणा की थी. बाद में इसे 6 मई कर दिया गया था. अब अंतिम समय में कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया. रमा खलखो ने कहा कि जल्द ही नई तारीख की घोषणा की जाएगी.

### पीसीसी गठन के बाद की परिस्थिति का असर?

रमा खलखो ने माना कि कार्यक्रम स्थगित करने की सूचना मीडिया तक समय पर नहीं पहुंच पाई. उन्होंने संकेत दिया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के गठन के बाद पार्टी के आंतरिक घटनाक्रम की वजह से यह जानकारी साझा नहीं हो सकी. महिला कांग्रेस का अभियान पूरे झारखंड में सक्रिय है, जिसमें पीएम मोदी को संबोधित पोस्टकार्ड के जरिए महिला आरक्षण के मुद्दे को उठाया जा रहा है. स्थगित प्रदर्शन की नई तिथि घोषित होने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं की सक्रियता और बढ़ने की संभावना है.

# अवैध संबंध के कारण हुई थी कमलेश कुमार की हत्या, 3 गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र में बीते 3 मई को हुई हत्या का रांची पुलिस ने खुलासा कर दिया है. कमलेश कुमार की हत्या अवैध संबंध के कारण की गई थी. पुलिस ने हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार आरोपियों में शिवनाथ कुमार सिंह (33 वर्ष), अंगिता देवी (28 वर्ष) और साहिल राजा (19 वर्ष) शामिल हैं. इनके पास से हाइवा, स्कूटी और तीन मोबाइल भी जब्त किए गए हैं. रांची पुलिस ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी.

### कमलेश का शिवनाथ की पत्नी से था अवैध संबंध

पुलिस के अनुसार, कमलेश का शिवनाथ कुमार सिंह की पत्नी अंगिता देवी से अवैध संबंध था. इसी बात से नाराज होकर शिवनाथ ने कमलेश की हत्या की साजिश रची और अपने घर में इस वारदात को अंजाम दिया. हत्या करने के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को हाईवा ट्रक से रिंग रोड पर ले जाकर सड़क किनारे फेंक दिया गया और ट्रक से कुचलकर हादसा दिखाने की कोशिश की गई. गौरतलब है कि बीते 3 मई को टाटीसिल्वे के मानकीडीपा रिंग रोड किनारे कमलेश कुमार का शव मिला था. शुरूआती तौर पर मामला सड़क दुर्घटना का लगा. लेकिन पुलिस की जांच में हत्या का मामला सामने आया. इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर हत्यारों को पकड़ने के लिए एसआईटी का गठन किया गया. गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी शुरू की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की पूछताछ में सभी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है.

# झारखंड में गर्मी पर ब्रेक! तापमान सामान्य से नीचे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** पिछले कई दिनों से झारखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है. मौसम केंद्र, रांची के ताजा पूवार्नुमान के मुताबिक आज यानी 6 मई को राज्य में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कई इलाकों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. खासकर मध्य और दक्षिणी हिस्सों में मौसम सक्रिय रहेगा, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है. मौसम केंद्र ने यह भी संकेत दिया है कि आज कुछ जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा और वज्रपात की भी आशंका है. ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

### आने वाले दिनों के लिए मौसम का पूवार्नुमान

राज्य में मौसम का यह बदला हुआ मिजाज अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा. 7 से 9 मई तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं. इस दौरान भी मेघ गर्जन और तेज हवा चलने की संभावना बनी रहेगी. अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी. 10 और 11 मई को भी राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश और गर्जन के साथ मौसम सक्रिय बना रहेगा. हालांकि कुछ इलाकों में मौसम अपेक्षाकृत सामान्य रह सकता है. पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है. राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान जमशेदपुर में 34.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे ज्यादा रहा. वहीं राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से करीब 7.7 डिग्री कम है.

### अन्य प्रमुख जिलों में तापमान की स्थिति

डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री, जो सामान्य से 7.1 डिग्री कम रहा. बोकारो में 32.5 डिग्री रहा जो सामान्य से 7.3 डिग्री कम है. चाईबासा में 32.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ जो सामान्य से 6.1 डिग्री कम है. जमशेदपुर में भी तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री कम दर्ज किया गया. साफ है कि पूरे राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है, जिससे गर्मी का असर कमजोर पड़ा है. इसलिए 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के कांके इलाके में16.2 डिग्री दर्ज हुआ है.

# हरमू चौक की बदलेगी सूरत, सौंदर्यीकरण के तहत स्थापित होगी सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल हरमू चौक की सूरत जल्द ही बदलने वाली है. झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) ने इस चौराहे के सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है. सौंदर्यीकरण के तहत सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा स्थापित किए जाएंगे. इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य हरमू रोड पर लगने वाले भारी जाम को खत्म करना और चौक को आधुनिक स्वरूप देना है. वर्तमान में हरमू चौक पर वाहनों का भारी दबाव रहता है, जिससे व्यस्त समय में जाम की स्थिति बनी रहती है. सौंदर्यीकरण के लिए फव्वारे लगाए जाएंगे और पूरे चौक को आधुनिक लाइटों से रोशन किया जाएगा. गोलचक्कर के अंदर कोरियन ग्रास और सजावटी पौधे लगाकर इसे हरा-भरा बनाया जाएगा. पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया जाएगा. इसके साथ ही यहां आकर्षक कलाकृतियों के जरिए झारखंड की संस्कृति की झलक प्रदान की जाएगी. 5.44 करोड़ रुपये की लागत से हरमू चौक का कायाकल्प किया जाएगा. बजट में निर्माण कार्य के साथ-साथ अगले 5 वर्षों के लिए पेड़-पौधों और बुनियादी ढांचे के रखरखाव का भी प्रावधान किया गया है. हरमू चौक के पुनर्विकास से न केवल ट्रैफिक की समस्या दूर होगी, बल्कि यह इलाका शहर के एक नए लैंडमार्क के रूप में भी उभरेगा.

# झारखंड में बीएएड, एमएएड और बीपीएएड प्रवेश परीक्षा स्थगित, 10 मई को नहीं होगी परीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है. राज्य में आगामी 10 मई 2026 को आयोजित होने वाली बीएएड, एमएएड एवं बीपीएएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है. झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए परीक्षा को अगले आदेश तक टालने का निर्णय लिया है.

### कब होगी नई परीक्षा तिथि की घोषणा

इस संबंध में पर्षद ने मंगलवार को आधिकारिक सूचना जारी कर दी. जारी नोटिस के अनुसार, पहले यह परीक्षा 10 मई 2026 (रविवार) को राज्य के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होनी थी, लेकिन अब इस तिथि को परीक्षा नहीं ली जाएगी. पर्षद ने स्पष्ट किया है कि नई परीक्षा तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसकी जानकारी अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट और समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी. परीक्षा स्थगित होने से हजारों अभ्यर्थियों में असमंजस की स्थिति बन गई है. कई छात्र लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और अंतिम चरण की तैयारी में जुटे थे. अचानक परीक्षा टलने से उनकी रणनीति पर असर पड़ा है, हालांकि पर्षद के इस निर्णय को देखते हुए अभ्यर्थियों को अब अतिरिक्त समय मिल गया है, जिसका उपयोग वे अपनी तैयारी को और मजबूत करने में कर सकते हैं.

### परीक्षा स्थगित से अभ्यर्थियों पर कितना पड़ेगा असर

अभ्यर्थियों की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है. अभ्यर्थी उमेश रंजन ने कहा कि हमलोग लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे. अचानक परीक्षा स्थगित होने से थोड़ी निराशा जरूर हुई है, लेकिन अगर किसी अपरिहार्य कारण से निर्णय लिया गया है तो हमें उम्मीद है कि पर्षद जल्द ही नई तिथि घोषित करेगा, ताकि हम अपनी तैयारी के अनुसार आगे बढ़ सकें. वहीं, अभ्यर्थी दिनेश प्रसाद ने कहा, परीक्षा टलने से हमारी योजना पर असर पड़ा है, लेकिन इसे एक अवसर के रूप में भी देख रहे हैं. अब हमें तैयारी को और बेहतर करने का समय मिल गया है. पर्षद से आग्रह है कि जल्द नई तारीख की घोषणा की जाए, ताकि अनिश्चितता खत्म हो सके.

### जेसीईसीईबी की वेबसाइट पर जारी होगी नई परीक्षा तिथि

पर्षद ने सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें. साथ ही, नियमित रूप से जेसीईसीईबी की वेबसाइट पर नजर बनाए रखें, ताकि नई तिथि से जुड़ी जानकारी समय पर मिल सके.

## प्रसिद्ध मां दिऊड़ी मंदिर में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ सोनू सिंह ने अपने परिवार के साथ की पूजा-अर्चना



**तमाड़.** प्रसिद्ध मां दिऊड़ी मंदिर में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ सोनू सिंह ने अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की. मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद प्रदेश अध्यक्ष का रायडीह मोड़ पर पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया इस अवसर पर प्रदेश सचिव विनीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश सिंह मुंडा, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष रोशन कांति सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा, वर-वधु को दिया आशीर्वाद



**बुंडू ।** बुण्डु प्रखण्ड अंतर्गत पांगुरा गाँव में बुधवार को अभिषेक मांझी के सुपुत्र ऋषि मांझी के वैवाहिक प्रीति भोज का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा विशेष रूप से उपस्थित हुए और नवविवाहित जोड़े को सुखी एवं समृद्ध दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और खुशी का वातावरण देखने को मिला। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और सभी ने नव दंपति को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान इस दौरान लक्ष्मण सिंह मुण्डा, विवेक आनंद जायसवाल, रंजित लाहेरी, धीरेन्द्र महतो, कपिल महतो सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस खुशी के मौके को और भी खास बनाया तथा नवविवाहित जोड़े के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पति संग मिलकर प्रेमी की हत्या, खौफनाक साजिश में तीन आरोपी गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

- शिवनाथ कुमार सिंह, उम्र 33 वर्ष
- अगिता देवी, उम्र 28 वर्ष, पति शिवनाथ कुमार सिंह, दोनों का स्थायी पता-अरांगी, थाना घाघरा, जिला गुमला, वर्तमान पता-हाहे, थाना अनगड़ा, जिला रांची.
- साहिल राजा उम्र 19 वर्ष, ग्राम चिरी, थाना कुडू, जिला लोहरदगा.

**बरामद सामान का विवरण**

- एक हाइवा ट्रक -(नंबर-JH02BX-93962)
- एक स्कूटी (नंबर-JH0IDT-75993)
- तीन मोबाइल फोन

**रांची।** जिले के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में हुई कमलेश सिंह हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस के अनुसार अवैध संबंध की वजह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था. हत्या की साजिश कमलेश की प्रेमिका के द्वारा ही रची गई थी. मामले में प्रेमिका सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह कमलेश सिंह की हत्या हुई थी. कमलेश के हत्या की पूरी साजिश उसकी शादीशुदा प्रेमिका आगिता के द्वारा रची गई थी. आगिता ने अपने पति और उसके एक कर्मचारी के साथ मिलकर कमलेश की हत्या करा दी थी.

### प्रेमी ने शादी कर ली तो मरवा डाला

रांची के ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि आगिता पहले से शादीशुदा थी, लेकिन इसके बावजूद उसका अवैध संबंध कमलेश से कायम हो गया था. इसी बीच कमलेश जो बिहार के नवादा का रहने वाला था उसकी शादी हो गई. जबकि आगिता यह चाहती थी कि कमलेश शादी न करे और उसका संबंध कमलेश से चलता रहे. कमलेश की शादी से नाराज होकर आगिता ने एक खौफनाक साजिश रची. आगिता ने अपने पति को बताया कि कमलेश नाम का एक लड़का उसके साथ गलत करने की अक्सर कोशिश करता है. यहां पर आगिता ने अपने पति से कमलेश के साथ अपने अवैध संबंध की बात को छुपा लिया. आगिता के पति को लगा कि कमलेश उसकी घर की इज्जत से खेल रहा है. आगिता के बहकावे में आकर उसने कमलेश के मर्डर का प्लान बना लिया.

### नशा देकर बेसुध किया फिर गला दबाकर मार डाला

साजिश के तहत आगिता ने कमलेश को अपने पास बुलाया और उसे नशा देकर बेसुध कर दिया. नशे की हालात में ही आगिता के पति शिवनाथ कुमार सिंह ने गला दबाकर कमलेश की हत्या कर दी. ग्रामीण एसपी ने बताया की अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी शिवनाथ कुमार सिंह और आगिता देवी द्वारा बताया गया कि कमलेश कुमार की हत्या जानुम हाहे स्थिति अपने घर पर करने के पश्चात शव को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के रिंग रोड मानकीढीपा के पास हाइवा वाहन से ले जाया गया और हत्याकांड को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को सड़क के किनारे फेंक दिया गया. साथ ही शव पर हाइवा का अगला पहिया चढ़ा दिया गया. ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि इस हत्याकांड का तीसरा आरोपी साहिल शिवनाथ सिंह का खलासी है. उसने शव को ठिकाने लगाने में शिवनाथ और आगिता देवी की मदद की थी. हत्या के दिन कमलेश सिंह के शव को देखकर ऐसा लगा था कि उसके प्राइवेट पार्ट को भी काटा गया है, लेकिन ग्रामीण एसपी ने बताया कि शव को जमीन पर घसीटने की वजह से प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचा था.

# तमाड़ मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़।** बुधवार को तमाड़ मंडल भाजपा कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक वाटर वेज शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने की, जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी के रूप में जिला मंत्री धीरेन्द्र महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा सहित कई वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकताओं ने भाग लिया। सभी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक कार्य को प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रचारित करने पर अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर विवेक गुप्ता, भारती कुमारी, सीता देवी, विमल पातर, चंदन साहु, सुरेन्द्र साहु, काजल देवी, उदय महतो, कैलाश महतो, बड़का मिर्धा, तुलसी मुण्डा, महेश मुण्डा, शंकर सोनी, बंटी चौधरी, रविन्द्र प्रमाणिक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी चुनावी रणनीति, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान को तेज करने तथा क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। अंत में सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर पार्टी को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# बरहरवा स्टेशन पर आरपीएफ की सतर्कता से नाबालिग चोर गिरफ्तार, तीन चोरी के मोबाइल बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट बरहरवा के निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में सुबह लगभग 10:15 बजे एक संयुक्त गश्ती दल का गठन कर बरहरवा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सघन निगरानी अभियान चलाया गया। गश्ती के दौरान टीम प्लेटफॉर्म संख्या 01 के साहिबगंज छोर स्थित फुट ओवर ब्रिज के समीप पहुँची, जहाँ एक संदिग्ध युवक ट्रेन संख्या 53403 (रामपुरहाटझगया पैसेंजर) से उतरकर यात्री शेड के पास संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। टीम को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन तत्परता दिखाते हुए गश्ती दल ने उसे घेरकर पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम पप्पू कुमार साह (उम्र लगभग 17 वर्ष), निवासी कुसमा, थाना बरहैट, जिला साहिबगंज बताया। वह रेलवे परिसर में मौजूद रहने का कोई वैध कारण या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिसका कीमत 42, 997 रुपए है। तीनों मोबाइल बिना सिम के थे। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ये मोबाइल उसने अलग - अलग ट्रेनों में चोरी किए हैं तथा वह पाकुड़, रामपुरहाट और हावड़ा क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। बरामद मोबाइल फोन को विधिवत जप्त करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद निरुद्ध बालक एवं जब्त सामग्री को आगे की कार्रवाई के लिए रेल थाना बरहरवा को सुपुर्द कर दिया गया। इस अभियान में आरपीएफ बरहरवा के साथ मालदा अपराध शाखा एवं सीपीडीएस के अधिकारी एवं जवान भी शामिल रहे।

## साहिबगंज-राजमहल फोरलेन पर भीषण टक्कर: बाइक-ऑटो भिड़ंत में युवक का पैर फैक्चर, हालत गंभीर



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज** ।साहिबगंज-राजमहल फोरलेन सड़क पर बुधवार शाम करीब 5:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राजमहल थाना क्षेत्र के मुन्नापटाल गांव के समीप बाइक और ऑटो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक सवार सरकंडा की ओर जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ऑटो में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका पैर फैक्चर हो गया है। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। वहीं हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही राजमहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक और ऑटो को जब्त कर थाना ले गई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी कालू रंजक (18) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह चंडीपुर स्थित अपनी नानी के घर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

## किसी ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत,पुलिस जांच में जुटी

**साहिबगंज :** साहिबगंज मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज रेल थाना क्षेत्र के सकरीगली जमुनी फाटक के पास बुधवार को किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई जहाँ किशोर का शव तीन टुकड़ा में बरामद हुआ है।वही साहिबगंज रेलथाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टामार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक तालझारी थाना क्षेत्र के बड़ी बघियामारी के रहने वाले दिलीप उरांव का पुत्र दीपक एक्का(16) था। मृतक की मां ने बताई कि दीपक मंगलवार की शाम को ही घर से निकला था। वे मानसिक रूप से अस्वस्थ था। देररात तक जब घर नहीं पहुंचा तो काफी खोजबीन की। लेकिन कूछ पता नहीं चला। अगले दिन घटना के बारे में जानकारी मिलने पर वे लोग अस्पताल पहुंचे है। वहीं रेलथाना प्रभारी कैलास महतो ने बताया कि किसी किसी टेन से जोरदार धक्का लगा है। शव तीन टुकरा में मिला है। इधर रेल पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।जबकि परिजनों का रो-रो कर हाल बूरा है।

## आसमानी ठनका गिरने से एक किशोर की मौत, परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल

**साहिबगंज।** आसमानी ठनका गिरने से एक किशोर की मौत हो गई बताया जा रहा है कि तेज बारिश व हवा के साथ ठनका गिरने से शोभनपुर हरिप्रसाद स्थित खेत में बुधवार को एक किशोर की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लायाये गया। मृत बच्चा सकरीबाजार जमनी के रहने वाला बबलू मड़ैया का पुत्र विजय कुमार(14) था। ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे विजय अपने चाचा चाची के साथ खेत मकई का फसल तोड़ने गया था। इस बीच तेज बारिश व हवा के साथ ठनका गिर गया। मौके पर ही किशोर की मौत हो गई। वही मा का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जहाँ विजय पांच भाई बहन में अकेला था.मृतक विजय कुमार पांच भाई बहन में अकेला था। पिता मजदूरी के लिए परदेस में रहता है। मां के बाद विजय ही अपनी चार छोटी बहन का ख्याल रखता था। अचानक हादसा होने से पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है। जबकि मां का रो रो कर बुरा हाल है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**उधवा/साहिबगंज** ।राधानगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस संबंध में पीड़िता द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवारी हाटपाड़ा (पूर्वी उधवा) निवासी पीड़िता की शिकायत पर राधानगर थाना कांड संख्या 147/26 भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 351(2) एवं 3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में मुख्य आरोपी देवाशीष उर्फ राजा मंडल सहित कुल चार लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक आरोपी देवाशीष मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## बी. के. ट्यूशन सेंटर के विद्यार्थियों ने इंटर आर्ट्स व कॉमर्स की परीक्षा में लहराया परचम



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज** ।शहर के कॉलेज रोड ज्ञानदा गली में संचालित बी.के.ट्यूशन सेंटर आर्ट्स व कॉमर्स में पढ़ने वाले दर्जनों छात्र छात्राओं ने झारखंड इंटरमीडिएट के वार्षिक परीक्षा में कई छात्र छात्राओं उच्चतम अंक प्राप्त करके पूरे संस्थान का नाम रौशन किया है।जहां इस उपलक्ष्य में बुधवार को बी.के.ट्यूशन सेंटर के संचालक बीरू केशरी एवं जूही मैम के द्वारा सभी उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।वही इसको लेकर बीरू केशरी ने बताया कि उनके शिक्षण संस्थान से प्रति वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में आर्ट्स व कॉमर्स से पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राएं लगातार अच्छे अंक प्राप्त कर रहे हैं।

# बस में सफर कर रहे थे तस्कर, बरहरवा पुलिस ने 20 किलो गांजा के साथ दबोचा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बरहरवा पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। सघन वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक यात्री बस से 20 किलो 180 ग्राम गांजा बरामद करते हुए उड़ीसा के दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि 6 मई 2026 को गुप्त सूचना मिलने के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पतना - केन्दुआ मुख्य मार्ग स्थित विजयपुर गांव के पास सुबह करीब 08:20 बजे वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान पाकुड़ की ओर से आ रही बस (बी आर 02 पी बी -6518) को रोककर तलाशी ली गई। जांच के क्रम में दो संदिग्ध युवकों के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से 10 बंडल गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का कुल वजन 20.180 किलोग्राम बताया गया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले दो वर्षों से पाकुड़ क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ मिलकर गांजा तस्करी के धंधे में लिप्त थे।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान असीम मोहंती (34 वर्ष), निवासी केतरापाड़ा (उड़ीसा) और प्रफुल चंद्र देवड़ी (22 वर्ष), निवासी जाशपुर (उड़ीसा) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार असीम मोहंती का आपराधिक इतिहास भी रहा है।उसके खिलाफ उड़ीसा और झारखंड के विभिन्न थानों में हत्या, डकैती और आर्म्स एक्ट से जुड़े कुल 8 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा साहिबगंज जिले में भी उस पर आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। इस कार्रवाई में डीएसपी नितिन खंडेलवाल, थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर संतोष कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बरहरवा थाना कांड संख्या 115/2026 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## विधायक एमटी राजा कि पहल से हथिगढ़ पानी टंकी में नया मोटर लगाया गया



**तीनपहाड़/साहिबगंज** ।तीनपहाड़ हथिगढ़ स्थित पेयजल टंकी का मोटर बीते दिनों जल जाने की वजह से तीनपहाड़ हथिगढ़ सहित लगभग 500 घरों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो चुकी थी।जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा तीनपहाड़ निवासी सह जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष मुर्शीद राजा को दी गई।इसके बाद मुर्शीद राजा के द्वारा एक आवेदन राजमहल विधायक एमटी राजा को देकर जल्द से जल्द पेयजल की समस्या के निदान का निवेदन किया गया।वही राजमहल विधायक ने तुरंत पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि भूषण सिंह को दूरभाष पर जल्द से जल्द इस समस्या को हल करने का आदेश दिया।विधायक के आदेश पर महज 24 घंटे के अंदर ही पेयजल विभाग के कनीय अभियंता मनोज कुमार पूर्वे की देखरेख में बुधवार को रांची से लाकर साढ़े 7 एचपी का नया मोटर लगाने के कार्य प्रारंभ किया गया।मौके पर कनीय अभियंता ने बताया कि सारा सामान नया लगाया जा रहा है बस भोल्ब बाकी रहा उसे भी दो दिनों के अंदर लगा दिया जायेगा इसी बीच कई पाइपों को खराब देख उन्हें भी जल्द ही बदलवा देने की बात कनीय अभियंता ने कही।मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष मुर्शीद राजा,आफताब आलम,राजकुमार सोनी,मोनू अंसारी,गुलाम अंसारी,बलराम यादव,गोलू हेंब्रम,कौशर अंसारी,समीम अंसारी,सोनू टुडू मौजूद थे।इस दौरान मुर्शीद राजा ने कहा कि वर्तमान समय में पेयजल की समस्या काफी गंभीर समस्या है जिस कारण माननीय विधायक और प्रतिनिधि दोनों का आदेश है कि क्षेत्र में अगर कही भी इस संदर्भ में कोई भी समस्या हो फौरन सूचना दे तत्वरित समाधान किया जाएगा।साथ ही इस नेक कार्य को लेकर तीनपहाड़ क्षेत्र की समस्त जनता ने माननीय विधायक राजमहल का को हार्दिक धन्यवाद दिया है।

# राधानगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में 3 वारंटी को गिरफ्तार कर ,भेजा जेल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।








**उधवा/साहिबगंज** ।राधानगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने जीआर संख्या 442/16(एस) के वारंटी चामाग्रम निवासी सनाउल शेख को विधिवत गिरफ्तार किया। इसके अलावा जीआर संख्या 1408/19 के वारंटी कुसमा निवासी चरण हेंब्रम को भी छापेमारी के दौरान पकड़ा गया। वहीं तीसरे मामले में ओएम संख्या 60/23 के खरपोस वारंटी बाग पिंजरा निवासी गुलाम रब्बानी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आगे बताया कि सभी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे।जिसकी गिरफ्तारी को लेकर न्यायालय की ओर से वारंट निर्गत किया गया था। न्यायालय के निर्देश के आलोक में पुलिस ने तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## 75वां हरिनाम संकीर्तन सह मेला संपन्न: कुंज भंग और धुलेट के साथ भक्तिमय माहौल में हुआ समापन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड के कमलैन बगीचा (कन्हैयास्थान) गांव में बुद्ध पूर्णिमा से आरंभ हुआ 75वां पांच दिवसीय हरिनाम संकीर्तन सह मेला बुधवार को कुंज भंग एवं धुलेट के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो गया।इस दौरान पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कीर्तन मंडलियों–दुलाली सिंह, राधा दासी, सेफाली सरकार, गायत्री देवी आदित्य, भोला पांडेय, दिनवाला दासी सहित अन्य कलाकारों ने श्रीराधा-कृष्ण की जन्म लीला, बाल्य लीला एवं पूर्वराग लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया।

मंगलवार की रात महारास का आयोजन हुआ, जबकि बुधवार को पारंपरिक कुंज भंग और धुलेट कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने हरिनाम संकीर्तन की धुन पर जमकर नृत्य किया।भक्तिमय माहौल में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

## आईजी ने धनबाद में की पहली समीक्षा बैठक, पुलिस अधिकारियों को दिया निर्देश



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**धनबाद।** बोकारो जोन के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। पदभार संभालने के बाद यह उनकी धनबाद में पहली बैठक थी, जिसमें जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, वरीय अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आईजी ने अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की और अपने कार्य-योजना को साझा किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को टीम वर्क के साथ काम करने और तय लक्ष्यों को हासिल करने पर जोर दिया। आईजी ने कहा कि बेहतर समन्वय और स्पष्ट रणनीति के जरिए ही पुलिसिंग को प्रभावी बनाया जा सकता है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने 25 अप्रैल को हजारीबाग में भी समीक्षा बैठक की थी, जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उसी कड़ी में धनबाद में यह बैठक आयोजित की गई है। आईजी ने कहा कि सभी अधिकारियों को उनके लक्ष्य स्पष्ट रूप से बताए गए हैं और उन्हें उसी दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम के रूप में काम करते हुए पुलिस बेहतर प्रदर्शन करेगी और आम जनता को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जा सकेगा।

# प्रेम प्रसंग में पति बना बाधा, पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर रची हत्या की साजिश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा थाना क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व मिले अज्ञात शव मामले का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह कोई सामान्य हत्या नहीं, बल्कि पत्नी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर रची गई साजिश का परिणाम था। इस मामले में मुख्य आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।बुधवार को प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि 8 अप्रैल 2026 को चावलछल्ला और लाधोपाड़ा के बीच एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। इस संबंध में बरहरवा थाना कांड संख्या 85/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।अनुसंधान के क्रम में शव की पहचान चन्दन बेसरा के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक की पत्नी पिंकी बीबी उर्फ पिंकी बेसरा (36) का पश्चिम बंगाल के फरक्का क्षेत्र में रहने के दौरान राशिद अली नामक व्यक्ति से प्रेम संबंध हो गया था।इस अवैध संबंध को लेकर पति - पत्नी के बीच लगातार विवाद होता रहता था, जिससे तंग आकर पत्नी ने हत्या की साजिश रच डाली।

### योजना बनाकर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने स्वीकार किया कि 8 अप्रैल को उसने अपने पति को बहाने से लोहापट्टी बुलाया। वहां पहले से मौजूद उसके प्रेमी राशिद अली के साथ मिलकर दोनों ने हत्या की योजना को अंजाम दिया। विवाद के दौरान पिंकी ने पति के पैर पकड़ लिए, जबकि राशिद अली ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।वारदात के बाद दोनों ने एक टैक्सी मंगाकर शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया, ताकि पहचान न हो सके। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 मई 2026 को आरोपी महिला पिंकी बीबी को पश्चिम बंगाल के मालदा जिला अंतर्गत कलियाचक से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में शामिल दो अन्य आरोपी ईस्ताक शेख और राशिद अली को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इस पूरे ऑपरेशन में थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक संतोष कुमार, अनुसंधानकर्ता अनिल कुमार यादव, राजनाथ साव, रंजय कुमार यादव, एस्थेर टुडू सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की अहम भूमिका रही। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है तथा अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## इंग्लिश का रेहान राज बना जिला टॉपर, आगे की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहता है



**उधवा/साहिबगंज।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया है। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा के छात्र रेहान राज ने इंटरमीडिएट साइंस परीक्षा में कुल 467 अंक लाकर जिला टॉपर रैंक के साथ माता-पिता व गांव का नाम रौशन किया है। वे उधवा प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश बाबु टोला निवासी मोहम्मद बरजहान शेख के पुत्र है। बरजहान शेख व्यवसाय चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते है। इस दौरान रेहान राज ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बनना चाहता है। उन्होंने कठिन परिश्रम और लगन से पढ़ाई कर जिला एवं गांव का नाम रौशन किया है। जिससे उनके माता-पिता व गांव के लोग काफी खुश है।

# जनगणना 2027 को लेकर हैदरनगर में प्रशासन अलर्ट, बीडीओ ने मुखियों के साथ की रणनीतिक बैठक




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हैदरनगर, पलामू:** आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर हैदरनगर प्रखंड प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में स्थानीय प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा की अध्यक्षता में 12 पंचायतों के मुखियों के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना कार्य को शत-प्रतिशत सफल बनाने हेतु व्यापक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि विकास की दिशा तय करने वाला राष्ट्रीय आधार है। सरकार की योजनाओं की रूपरेखा, संसाधनों का वितरण तथा क्षेत्रीय विकास की प्राथमिकताएं जनगणना के आंकड़ों पर ही निर्भर करती हैं। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने मुखियों से गांव स्तर पर लोगों को जागरूक करने तथा प्रगणकों के साथ समन्वय स्थापित कर जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग देने की अपील की बैठक में बताया गया कि जनगणना प्रक्रिया को पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए इस बार मोबाइल ऐप के माध्यम से स्व-गणना की व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण के तहत 1 मई से 15 मई तक घर के मुखिया स्वयं ऐप के जरिए अपना विवरण दर्ज करेंगे, जबकि दूसरे चरण में 15 मई से 14 जून तक मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। इसके लिए कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ।बैठक के दौरान बीडीओ ने मईया सम्मान योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं में पारदर्शिता और वास्तविक पात्रों तक लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक का संचालन आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने किया। मौके पर मुखिया जितेन्द्र सिंह, सुदर्शन राम, नवाजिश खान, सज्जू खां, राजेश मेहता, प्रखंड सहायक परवेज अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हज यात्रा पर रवाना हुए भाईबीघा के दंपत्ति, भावुक विदाई के बीच मक्का-मदीना के लिए निकला पहला जत्था



**झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**

**हैदरनगर, पलामू:** स्थानीय क्षेत्र के भाईबीघा निवासी दंपत्ति मंगलवार देर रात हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना रवाना हुए। जपला रेलवे स्टेशन से रवाना हुए हज यात्रियों के पहले जत्थे को परिजनों, शुभचिंतकों और सामाजिक कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से सम्मानित कर भावुक विदाई दी। इस दौरान स्टेशन परिसर धार्मिक और भावनात्मक माहौल से गूंज उठा।

भाईबीघा निवासी जमील खां अपनी पत्नी नजारा खातून के साथ गरीब रथ एक्सप्रेस से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किए, जहां से दोनों हवाई मार्ग से मक्का-मदीना के लिए उड़ान भरेंगे। हज यात्रा पर रवाना होने से पहले परिजनों ने गले लगाकर दुआओं के साथ उन्हें विदा किया।मौके पर समाजसेवी सज्जू खां ने कहा कि हज इस्लाम का अत्यंत पवित्र स्तंभ है, जो भाईचारे, त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने हज यात्रियों से देश, प्रदेश और समाज में अमन-चैन, खुशहाली एवं तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की।

हज यात्रियों को विदा करने वालों में अशरफ हसन, राजू खां, राशिद खां, सेराज खां, मुन्ना खां, शकील खां सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में हज यात्रियों के रवाना होने को लेकर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखा गया।

## बड़कागांव के पकरी बरवाडीह स्थित मेगालिथ स्थल का पर्यटन सचिव ने किया भ्रमण, पर्यटन विकास की संभावनाओं का लिया जायजा



**हजारीबागः** कला, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, झारखंड सरकार के सचिव श्री मुकेश कुमार ने आज 6 मई बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पकरी बरवाडीह क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल का भ्रमण किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री हेमन्त सती भी उनके साथ उपस्थित रहे ।यह भ्रमण माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर मेगालिथ स्थल को पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहचान दिलाने तथा यहां उपलब्ध संभावनाओं का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया। भ्रमण के दौरान विभागीय सचिव ने स्थल का निरीक्षण करते हुए इसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी प्राप्त की ।श्री मुकेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गंभीर है तथा पकरी बरवाडीह का यह मेगालिथ स्थल खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। उन्होंने इसके संरक्षण एवं संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि इस अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है ।उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार इस स्थल को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल कराने की दिशा में कार्य करेगी तथा इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, नगर आयुक्त श्री ओम प्रकाश गुप्ता, निदेशक पर्यटन श्री आशिफ एकराम, एम.डी जेटीडीसी श्री प्रेम रंजन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार, मेगालिथ विशेषज्ञ श्री शुभाशीष दास सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## डीसी से मिला भारत स्काउट और गाइड का शिष्ट मंडल




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**नए उपायुक्त संदीप कुमार मीणा से भारत स्काउट और गाइड का शिष्टमंडल न्यु समाहरणालय भवन में जाकर मुलाकात कर स्काउटिंग स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने जिले में संचालित स्काउटिंग गतिविधी की जानकारों दिया। भारत स्काउट गाईड स्टेट कॉर्डिनेटर मेंबरशिप ग्रोथ गौतम लेनिन ने नेशनल लेवल जनजातीय समागम प्रोग्राम की बाबत जानकारी दिया।उपायुक्त ने जिले के विकास व स्काउटिंग गतिविधि को हर संभव सहायता के प्रति आश्वस्त किया।**

**मौके पर स्काउट गाईड प्रतिनिधि मुमताज अहमद मौजुद थे।**

## कस्तूरबा विद्यालय पहुंच नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, छात्राओं की सुविधा और शिक्षा व्यवस्था पर दिया विशेष जोर




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हुसैनाबाद,पलामूः** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, छात्रावास की व्यवस्था तथा छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवासीय सुविधाओं और दैनिक दिनचर्या की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और उनका उज्ज्वल भविष्य समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल, पौष्टिक भोजन और अनुशासित व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिया ।नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हमारी बेटियों का भविष्य उज्ज्वल हो, यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर की बिक्री करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों तस्करों को अरगोड़ा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार आरोपितों में अशोक नगर निवासी संजय कुमार साहू और कडरू निवासी सुजीत कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने 20 पुड़िया (5.6 ग्राम) ब्राउन शुगर बरामद किए हैं। इन दोनों आरोपितों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह बिहार के औरंगाबाद जिले के एक नेता से ब्राउन शुगर खरीदकर रांची लाते हैं और उसे बाजार में ऊंची कीमत में बेच देते हैं। आरोपितों ने पुलिस को यह भी बताया है कि जितने भी ऑर्डर नेताजी के व्हाट्सएप नंबर पर देते हैं, औरंगाबाद पहुंचते ही उन्हें पूरा कर दिया जाता है ।सिटी एसपी पारस राणा ने बुधवार को बताया कि रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अरगोड़ा स्टेशन के समीप कुछ लोग मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त कर रहे हैं। सूचना के बाद सहायक एसपी, कोतवाली के नेतृत्व में अरगोड़ा थाना एवं कोतवाली थाना की संयुक्त टीम का गठन किया गया ।टीम अरगोड़ा स्टेशन के पास पहुंची। दोनों आरोपित पुलिस को देखकर भागने लगे। दोनों को पुलिस की टीम ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में दोनों आरोपितों के पास से पुलिस ने 20 पुड़िया ब्राउन स्टोन का सिलवर फाइल भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वह 200 रुपए प्रति पुड़िया खरीदते हैं और उसे 250 से तीन सौ रुपये में बेच देते हैं। आरोपितों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि ग्राहक सेट रहते हैं वह खुद आकर खरीद कर ले जाते हैं। इस संबंध में अरगोड़ा थाना कांड एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

# बाघा कुंबा टोली में पुल निर्माण का ग्रामीणों ने जताया विरोध





**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**वन क्षेत्र में बिना रास्ते पुल बनाने पर बवाल, ग्रामीणों ने काम कराया बंद**

**लोहरदगा :** जिले के बाघा कुंबा टोली गांव में प्रस्तावित पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार कश्यप कंडीशन कंपनी द्वारा वन क्षेत्र में ऐसे स्थान पर पुल निर्माण कार्य शुरू किया गया, जहां न तो कोई पूर्व से रास्ता है और न ही इसकी स्थानीय स्तर पर आवश्यकता बताई जा रही है ।जैसे ही इसकी जानकारी ग्रामीणों को मिली, बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य को तत्काल बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर कार्य किया जा रहा है, वह फॉरेस्ट एरिया है और वहां तक पहुंचने का कोई रास्ता भी नहीं है। ऐसे में वहां करोड़ों रुपये की लागत से पुल बनाना पूरी तरह अनुचित है।

स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोगों ने स्पष्ट कहा कि वे जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते आए हैं और गलत स्थान पर किसी भी प्रकार का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में अंग्रेजों के समय से एक कच्चा रास्ता मौजूद है, जहां पुल निर्माण किया जाए तो एक भी पेड़ नहीं कटेगा और लोगों को वास्तविक लाभ भी मिलेगा। हालांकि कंपनी के प्रतिनिधियों का कहना है कि जिस स्थान का चयन किया गया है, उसे बदला नहीं जा सकता क्योंकि कार्य आंशिक रूप से पूरा हो चुका है। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि दोबारा उसी स्थान पर निर्माण कार्य शुरू किया गया तो वे फिर से उसे रोकेंगे।।ग्रामीणों ने यह भी कहा कि उन्हें पुल की विशेष आवश्यकता नहीं है, लेकिन यदि निर्माण किया ही जा रहा है तो उसे सही और उपयोगी स्थान पर बनाया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिले के कई स्थानों पर पुल निर्माण के कारण पुराने रास्ते क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन उनकी मरम्मत की कोई पहल नहीं की जा रही है, जबकि अनावश्यक स्थानों पर नए पुल बनाए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से भी की जा चुकी है। फिलहाल विरोध के बाद निर्माण कार्य को रोक दिया गया है, लेकिन आगे स्थिति क्या होगी, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रशासन सक्रिय, निरीक्षण प्रतिवेदनों के आधार पर की जा रही सतत समीक्षा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**चतराः** चतरा जिले में आम जनों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल दिनांक 04 मई 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक के क्रम में प्रारंभ की गई है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का आकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें ।इसी क्रम में पत्थलगड्डा प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। प्रतिवेदन के अनुसार केंद्र में सोलर सिस्टम की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता एवं परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई है। साथ ही उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जा रही हैं ।निरीक्षण के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए कुछ बिंदुओं पर सुधारात्मक पहल की आवश्यकता चिन्हित की गई है ।उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि आम जनों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करें तथा आवश्यक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करें

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, विरोध में सडक जाम

**चतरा।** टंडवा-पिपरवार मार्ग पर बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान हजारीबाग जिला के तिलीर गांव निवासी शशिकांत (28) और रामगढ़ जिला के कुजू निवासी सौरव कुमार (29) के रूप में की गई है। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई बताए जा रहे हैं ।शाम में शशिकांत और सौरव कुमार स्कूटी (संख्या जेएच 02 बीएक्स 7028) से बैटरी लेकर टंडवा थाना क्षेत्र के बसरिया जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित हाईवा (संख्या जेएच 01 डीपी 8334) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मुखिया महेश मुंडा और समाजसेवी सुभाष दास के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने कोल वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप कर दी ।सड़क जाम कर मृतकों के परिजन मुआवजे की मांग को लेकर डटे हुए हैं। घटना के करीब 12 घंटे बाद भी किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी के मौके पर नहीं पहुंचने से परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## मिट्स्योर ओलंपियाड में कैंपियन बेसिक एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**इचाक (हजारीबाग )**इचाक मिट्स्योर ओलंपियाड के घोषित परिणामों में कैंपियन बेसिक एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कई छात्रों ने राज्य स्तर पर शानदार रैंक हासिल करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों में सिमरन कुमारी (कक्षा 5) ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सृष्टि गुप्ता (कक्षा 8) ने पूरे राज्य में 9वां स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। अन्य सफल विद्यार्थियों में शालिनी कुमारी (रैंक 71), राम मेहता (रैंक 57), आयुष्मान सम्राट (रैंक 53), अनामिका भारती (रैंक 82), अंश कुमार (रैंक 41) तथा सौरभ कुमार (रैंक 46) शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए भी किया गया है ।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव श्री बीरबल प्रसाद, प्रबंधक गणेश शंकर विद्यार्थी एवं समस्त शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सचिव बीरबल प्रसाद द्वारा सभी सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है ।विद्यालय का यह शानदार परिणाम न केवल छात्रों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

# जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

पाकुड़ : जिला समाज कल्याण विभाग, पाकुड़ द्वारा दिनांक 06 मई 2026 को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा की अध्यक्षता में नवनियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास ठाकुर (जिला बाल संरक्षण इकाई, पाकुड़), बबली शर्मा (महिला पर्यवेक्षिका) एवं टुसूमुनि मुर्मू (महिला पर्यवेक्षिका, हिरणपुर) की सक्रिय सहभागिता रही। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नवचयनित पर्यवेक्षिकाओं को विभागीय कार्यों, दायित्वों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समुचित जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने कार्यों का निर्वहन प्रभावी, संवेदनशील एवं उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से कर सकें।



महिला सशक्तिकरण की मजबूत कड़ी

कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को उनके चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला पर्यवेक्षिकाएं समाज के सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके माध्यम से ही सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचती हैं, जिससे समाज के समग्र विकास को गति मिलती है।

**योजनाओं एवं कार्यप्रणाली पर विशेष प्रशिक्षण**

प्रशिक्षण सत्र में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ - जैसे महिला सशक्तिकरण, पोषण ट्रैकर (त्र्क्र/ळल्फ), सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,सामाजिक कुरीति निवारण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।इसके साथ ही कार्य निष्पादन की प्रक्रिया, अभिलेख संधारण, क्षेत्रीय समन्वय, निगरानी तंत्र एवं समुदाय से प्रभावी जुड़ाव के तरीकों पर भी विशेष जोर दिया गया, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंच सके।

**प्रतिभागियों ने जताई संतुष्टि**

प्रशिक्षण में शामिल महिला पर्यवेक्षिकाओं ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। उन्होंने विभागीय योजनाओं को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का संकल्प लिया।

**शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन**

कार्यक्रम के अंत में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

## वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा में जांच और दवा की उपलब्धता पर जोर

**देवघर।** स्थानीय जिला वीबीडी कार्यालय में वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर मासिक समीक्षा बैठक सह प्रयोगशाला प्रावैधिकी का उन्मुखीकरण आयोजित किया गया ।बैठक की अध्यक्षता जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव ने की, जबकि जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार यादव मौजूद रहे। बैठक में जिले के सभी सीएचसी से एमटीएस, एसआई, एलटी, एसडब्ल्यू, एमपीडब्ल्यू के साथ-साथ पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड अभिषेक कात्यायन, प्रखंड स्तर के पीओसीडी, तथा जिला वीबीडी कार्यालय के एफएलए रवि सिन्हा और डीईओ कांग्रेस मंडल ने भाग लिया ।अप्रैल माह में संचालित कार्यों के आधार पर सभी सीएचसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की क्रमवार समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। आगामी मॉनसून को ध्यान में रखते हुए मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जापानी इंसेफेलाइटिस जैसे मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर विशेष चर्चा हुई। बैठक में जांच, दवाओं, उपकरणों, कीटनाशी और लावार्नाशी रसायनों और फॉगिंग सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया ।इसके अलावा 15 मई से शुरू होने वाले मलेरिया कीटनाशी छिड़काव (आईआरएस) अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। अक्टूबर-नवंबर 2025 में रात्रि रक्तपट्ट संग्रह के दौरान चिन्हित माइक्रोफाइलेरिया पॉजिटिव मरीजों के पुनः जांच और फॉलोअप को लेकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिया गया। साथ ही स्टेज 03 से 07 तक के चिन्हित लिम्फोडिमा रोगियों को मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीटी) किट और एमसीआर चप्पलों का वितरण सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से प्रशिक्षण के साथ शीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# उपायुक्त ने महेशपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

झारखंड उजाला प्रतिनिधि

**पाकुड़ :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को महेशपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कैराछत्तर स्थित पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया।



**प्रखंड कार्यालय एवं अंचलों में कार्यों की समीक्षा, लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश**

प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव, अंचलाधिकारी श्री संजय कुमार सिन्हा एवं जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा उपायुक्त का स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने प्रखंड, अंचल एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय के फाइलों एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि आम जनता के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

**कंप्यूटर ऑपरेटर कक्ष का निरीक्षण, कार्यों में तेजी लाने का निर्देश**

उपायुक्त ने कार्यालय परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर कक्ष का भी जायजा लिया। इस दौरान सभी ऑपरेटरों को नियमों के अनुरूप कार्य करने एवं लंबित कार्यों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण, साफ-सफाई पर विशेष जोर**

इसके उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी, लेबर रूम, दवा कक्ष, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया गया तथा मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली गई। अस्पताल में बिजली आपूर्ति बाधित पाए जाने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कु को अविलंब वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने, उपलब्ध जनरेटर के समुचित संचालन हेतु आवश्यक अपग्रेडेशन (उन्नयन) करने, इनवर्टर लगाने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**कस्तूरबा विद्यालय में पठन-पाठन व आधारभूत सुविधाओं की जांच**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कैराछत्तर के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पठन-पाठन व्यवस्था का जायजा लिया तथा कक्षाओं में जाकर छात्राओं से संवाद किया। निरीक्षण के दौरान बाथरूम एवं शौचालय की साफ- सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जर्जर भवन की मरम्मत कराने, नए शौचालय निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने तथा छात्राओं के लिए खेल मैदान विकसित करने के निर्देश दिए।

**योजनाओं के लाभ से पूर्व अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ₹मैय्या सम्मान योजना₹ सहित अन्य सभी योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को राशि हस्तांतरण से पूर्व उनका समुचित सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। बिना सत्यापन के किसी भी लाभुक के खाते में राशि स्थानांतरित न करने के निर्देश दिए गए।

**आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश**

उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना के समीक्षा के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, बिजली, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध रहनी चाहिए तथा जहां कहीं भी कमी है, वहां अविलंब आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर बीपीओ रिजवान फारुकी, बीपीआरओ मुजीबुर रहमान, सहायक अभियंता उत्तम बैध, कनीय अभियंता सुजीत मंडल, रंजीत मंडल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत डालसा ने निकाली प्रभात फेरी



**दुमका।** 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जागरूता को लेकर प्रभात फेरी बुधवार को निकाली गई। जागरूकता अभियान झालसा, रांची के निर्देश पर प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जज सुधांशु कुमार शशि की अध्यक्षता में निकाली गई। व्यवहार न्यायालय परिसर से 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत प्रभातफेरी इंडोर स्टेडियम, डीसी चैक, चूहा बागान समेत शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस अवसर पर प्रधान जज शशि ने कहा कि जागरूकता अभियान के तहत कानून से वंचित और योग्य व्यक्ति तक पहुंच कर आगामी 90 दिनों तक नुक्कड़ नाटक एवं शिविर आयोजित कर कानून की जानकारी दी जाएगी। जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों के सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसमें पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के कर्मी, पुलिस अधिकारी पारा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा समाज के वंचित लोगों तक पहुंच कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने, कानूनी और सरकार के योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाल कर महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचार, घरेलू हिंसा, बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज जैसी कुप्रथा रोकने को लेकर घर-घर तक योग्य व्यक्ति को न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर फैमली जज योगेश्वर मनी, डीजे वन प्रकाश झा, डीजे टू योगेश कुमार सिंह, डीजे थ्री राजेश सिंहा, सीजेएम अनूप तिर्की, डालसा सचिव विवेक कुमार, एसीजेएम राजेश श्रीवास्तव, सीनियर सिविल जज टू वॉटर भेंगरा, एसडीजेएम मोहित चैधरी, जेएम वन आदित्य सिहत अन्य शामिल थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**कान्हाचट्टी:**(चतरा ) माननीय सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निदेर्शानुसार आज दिनांक 06.05.2026 दिन बुधवार को बालिका आवासीय विद्यालय कान्हाचट्टी में सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे कल के भविष्य हैं इनका देखभाल, समुचित पोषण, पठन-पाठन हेतु सुरक्षित वातावरण , खेल कूद का प्रबंध इत्यादि का ख्याल रखना परिवार एवं समाज की जिम्मेदारी है इसलिए हम लोगों को मिल कर बच्चों के मार्गदर्शक की भूमिका अदा करने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकें। साथ ही बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी दी गई।मौके पर अधिकार मित्र अशोक यादव एवं निशा कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अजय कुमार भारती के नेतृत्व में शहरी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**हुसैनाबाद ,पलामू** :हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष अजय कुमार भारती के नेतृत्व में शहरी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक मैनेजर एवं नगर प्रबंधक के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा उन्हें वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष श्री भारती ने बैंक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुक महिलाओं को समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने-अपने व्यवसाय एवं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और नगर पंचायत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।




इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी अपनी समस्याओं एवं सुझावों को बैठक में रखा। अध्यक्ष ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में सीआरपी अनुराधा, रीता, लता सहित कई समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार किया जाएगा।

## कांग्रेस पार्टी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**देवघर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जिले से नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने की। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा का परिणाम है।उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। सम्मान समारोह के दौरान नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर, प्रदेश महासचिव डॉ मुन्नम संजय, अशोक वर्मा, शबाना खातून, प्रदेश सचिव प्रो उदय प्रकाश, नागेश्वर सिंह और पीसीसी कोऑर्डिनेटर मुकुंद दास को माला, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।वहीं प्रदेश महासचिव बादल पत्रलेख और पीसीसी कोऑर्डिनेटर अवधेश प्रजापति आवश्यक कार्यवश देवघर से बाहर रहने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, एकजुटता और आगामी चुनावी रणनीति पर भी अपने विचार साझा किया।कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रविंद्र नाथ मिश्रा (दादू), दिनेशानंद झा, मकसूद आलम, सुधीर कुमार देव, देवीपुर प्रखंड अध्यक्ष नकुल दास, करौं प्रखंड अध्यक्ष चंद्र देवदास, मार्गो मुंडा प्रखंड अध्यक्ष जाकिर हुसैन, ओबीसी जिला अध्यक्ष विकास रावत, किशोर कुमार रामानी, राहुल राज, प्रियांशु कुमार, सदाशिव राणा, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चांदपुर नहर मामले पर एनजीटी के आलोक में प्रशासन सख्त, उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

झारखंड उजाला प्रतिनिधि

**पाकुड़ :** चांदपुर नहर से संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के निदेर्शों के आलोक में आज अपर समाहर्ता श्री जेम्स सुरीन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



**सभी संबंधित विभागों से अद्यतन स्थिति रिपोर्ट मांगी गई**

बैठक के दौरान विषयगत मामलों पर गहन समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि चांदपुर नहर से जुड़े सभी विभागों से पत्राचार कर अब तक की गई कार्रवाई एवं वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि समग्र रूप से स्थिति का आकलन किया जा सके।

**समिति की प्रथम बैठक में तय हुआ आगे की कार्रवाई का रोडमैप**

यह समिति की प्रथम बैठक थी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सभी विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अगली बैठक आयोजित की जाएगी। प्राप्त तथ्यों के अनुरूप आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

**पारदर्शिता एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन पर विशेष जोर**

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि चांदपुर नहर से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता, पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन एवं विधिसम्मत प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सिंचाई विभाग, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी पाकुड़ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जर्जर सड़क के कारण उड़ती धूल से लोगों का चलना हुआ मुश्किल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरही (हजारीबाग )**बरही के गया रोड से रसोइया धमना मोड़ तक पक्की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। जिसके कारण धूल उड़ने से राहगीर के साथ - साथ सड़क किनारे स्थित दुकानदार भी काफी परेशान है। लोगों की यात्रा में जर्जर सड़क के साथ - साथ धूल भी बाधक बन रही है। उड़ती धूल राहगीरो की आँखों में जा रही है। बता दें कि इन दिनों गया रोड में इन दिनों ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे यात्रियों की समस्या बढ़ गई है। राहगीर एवं बाइक सवारों को सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब बड़े वाहन इस रास्ते से गुजरते है। बड़े वाहनों के पीछे चल फहद लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। दिल्ली और कोलकाता का मुख्य मार्ग होने के कारण रोजाना इस मार्ग से हजारों बड़ी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे दिनभर धूल उड़ता रहता है। लोगों का कहना है कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में प्रदूषण से होने वाले विभिन्न बीमारियों का खतरा भी बना रहेगा। पिछले दो - तीन माह से सड़क की ऐसी स्थिति बनी हुई है। कई बार स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कंपनी से शिकायत भी की है, परंतु अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। धूल के कारण स्कूली एवं कॉलेज के छात्रों को भी परेशानी हो रही है। वहीं स्थानीय दुकानदार बताते है कि इतना अधिक धूल उड़ता है कि पूरा दुकान में धूल जम जाता है। दिन भर में चार पांच बार दुकान का सफाई करना पड़ता है



## रंगदारी मामले में फरार मुखिया राजकुमार यादव गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा थाना की पुलिस ने रंगदारी मामले में फरार चल रहे ककरचोली पंचायत के मुखिया और जयनगर प्रमुख पति राजकुमार यादव (48 वर्ष, पिता उदन यादव) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बताया जाता है कि यादव पर थाना अंतर्गत मेघातरी बस स्टैंड में 14 जून 2025 को रंगदारी मांगने सहित मारपीट के मामले में कोडरमा थाना में काड संख्या (95/25 ) दर्ज किया गया था। जिसमें वे लगातार फरार चल रहे थे। एसपी कुमार शिवाशीष से मिले निर्देश के बाद कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान ने उन्हें गिरफ्तार किया।बताया जाता है कि बस स्टैंड में चुंगी के नाम मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली, मारपीट करने रंगदारी मांगने सहित अन्य आरोप लगाया गया था। कोडरमा थाना अंतर्गत दिबोर मेघातरी बस स्टैंड में वहां के गुर्गो के द्वारा रात मालवाहक बड़े वाहनों व बाहरी निजी वाहनों से रात के अंधेरे में चुंगी के रूप में सरकार की ओर से निर्धारित दर से कई गुना अवैध रूप से वसूली की जा रही थी।इसका वीडियो पटना से लौट रहे एक पत्रकार ने बनाया जिसके बाद मारपीट करने की घटना हुई थी। वहीं इस रूट पर चलने वाले वाहनों के मालिकों की ओर से इसकी सूचना राज्य के आला अधिकारियों व एसपी को देने के बाद पुलिस हरकत में आई थी। पुलिस ने तब छापेमारी कर 7 लोगों को गिरफ्तार भी किया था।

## भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रम व संगठन पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बड़कागांव(हजारीबाग)**बड़कागांव भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष शिव शंकर उर्फ. शिबू मेहता की अध्यक्षता में की गई। संचालन राजू कुमार सोनी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री जयनारायण प्रसाद एवं मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष कुणाल किशोर दुबे उपस्थित हुए। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ-साथ संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक में पिछले माह के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी सांगठनिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्यकताओं में जोश भरा गया। संगठन की मजबूती के लिए 'शक्ति केंद्र' की अवधारणा को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। संगठनात्मक विस्तार के तहत शक्ति केंद्र सिंदवारी में उदय मेहता, डाड़ीकलां में नरसिंग प्रसाद, चेपाकलां में राज किशोर साव, सिकरी में राजू कुमार सोनी, सिरमा में स्वरूप नारायण, कांडतरी में धर्मेंद्र प्रसाद, सांढ़ में नंदलाल महतो, चंदौल में चंदन सिंह, महुगईकलां में मनीष कुमार पांडे, बड़कागांव पूर्वी में अनीता देवी, बड़कागांव पश्चिमी में अवध किशोर कुमार, बड़कागांव मध्य में गीता दत्ता को नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त प्रभारियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने और केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है। शक्ति केंद्र के प्रभारी इस कड़ी में सेतु का कार्य करेंगे। सभी ने एकजुट होकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। समाप्ति की घोषणा राजकिशोर साव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व महामंत्री इंद्र भूषण , सक्रिय सदस्य सत्यजीत विद्या अलंकार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

## एनडीए गठबंधन क्रिकेट टूर्नामेंट केरेडारी 2026: फाइटर किंग इलेवन और टंडवा टाइगर्स के बीच आज होगा फाइनल महामुकाबला

जागेश्वर कुमार, झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो

**तीन विधायक रहेंगे मुख्य अतिथि, 24 टीमों ने लिया था भाग, दोपहर 2 बजे से कृषि फॉर्म मैदान में मैच**




**केरेडारी/हजारीबाग:** एनडीए गठबंधन (बीजेपी-आजसू) क्रिकेट टूनार्मेंट केरेडारी 2026 का भव्य फाइनल महामुकाबला आज गुरुवार, 07 मई 2026 को दोपहर 2 बजे से केरेडारी कृषि फॉर्म मैदान में खेला जाएगा। फाइनल में फाइटर किंग इलेवन केरेडारी का मुकाबला टंडवा टाइगर्स से होगा।

**मुख्य अतिथि**

इस टूनार्मेंट के फाइनल मैच में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद एवं मांडू विधायक तिवारी महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**24 टीमों ने लिया भाग**

एनडीए गठबंधन (बीजेपी-आजसू) केरेडारी द्वारा आयोजित इस क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 24 टीमों ने भाग लिया था। लीग मुकाबलों के बाद फाइटर किंग इलेवन और टंडवा टाइगर्स ने फाइनल में जगह बनाई है।

**आयोजन समिति**

इस मैच का संचालन आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा कर रहे हैं। सहयोग कर्ता के रूप में विकास कुमार, मो. परवेज आलम, मो. काशीम, विकास कुमार पेटो, मो. रिजवी एवं आजाद आशिकी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी जनप्रतिनिधियों, मीडिया बंधुओं एवं खेल प्रेमियों से फाइनल मैच का आनंद लेने का अनुरोध किया है। एनडीए गठबंधन क्रिकेट टूनार्मेंट कमेटी ने सभी दर्शकों का हार्दिक अभिनंदन किया है।

## जमशेदपुर में 22 से राष्ट्रीय पर्वत-नदी सम्मेलन

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में 22 और 23 मई को दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्वत और नदी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन बिष्टुपुर स्थित मोती लाल नेहरू पब्लिक में आयोजित होगा, जहां देशभर से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और शोधकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन में नदियों और पहाड़ों की वर्तमान स्थिति, उनके संरक्षण और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।इस आयोजन के मुख्य आयोजक तरुन भारती संघ और युगांतर भारती हैं। इसके साथ ही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (खनन), धनबाद, जल बिरादरी, नेचर फाउंडेशन, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और मिशन वाई भी सहयोग कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्घाटन 22 मई को होगा ।सम्मेलन के सफल संचालन के लिए एक व्यापक आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति के संरक्षक के रूप में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय और जल संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में प्रसिद्ध राजेन्द्र सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।कार्यक्रम के संयोजक पर्यावरणविद दिनेश मिश्र बनाए गए हैं, जबकि अंशुल शरण सह-संयोजक हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह हैं। समिति में प्रो अमर कुमार सिंह, बंदे शंकर सिंह, मुकुल मिश्रा, शिवपूजन सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, राम नारायण शर्मा, सुर रंजन राय, कुलविंदर सिंह पन्नू, चंद्रशेखर राव, अजय सिन्हा, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, रमेश कुंवर, निर्मल सिंह और पप्पू सिंह सहित कई लोग शामिल हैं।

# बंगाल में निर्ममता की हार, तुष्टिकरण पर प्रहार और विकास की बयार



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि देश की जनता आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास रखती है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र में भाजपा की सरकार ने जिस तरह से विकास और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत किया है, उसका असर हर राज्य में दिख रहा है। पश्चिम बंगाल के जनादेश ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्णायक, प्रभावी और परिणाम देने वाले नेतृत्व पर अडिग विश्वास रखती है। यह भरोसा किसी भावनात्मक लहर का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से दिख रहे सुशासन, पारदर्शिता और निरंतर विकास की ठोस बुनियाद पर खड़ा है। यह केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि बंगाल की जनता के भीतर वर्षों से पनप रहे आक्रोश, पीड़ा और बदलाव की आकांक्षा का सशक्त विस्फोट है। इस जनादेश में साफ दिखता है कि जनता ने भय की राजनीति को नकारते हुए भरोसे को अपनाया, तुष्टिकरण को ठुकराकर विकास को चुना और भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होकर सुशासन को प्राथमिकता दी। बंगाल में यह जीत वास्तव में जनता की जीत है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में चल रहे टोलाबाजी, सिंडिकेट राज, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और खुले तुष्टिकरण के खिलाफ जनता लंबे समय से सड़कों पर थी। हर वर्ग, चाहे वह किसान हो, युवा हो, महिला हो या व्यापारी, सबने इस व्यवस्था के खिलाफ मन बना लिया था।

पिछले वर्षों में पश्चिम बंगाल में जिस तरह से हिन्दू समाज के साथ भेदभाव हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। तुष्टिकरण की राजनीति ने सामाजिक संतुलन को बिगाड़ा और अवैध घुसपैठ को प्रोत्साहन देकर राज्य की पहचान और सुरक्षा दोनों पर सवाल खड़े कर दिए गए। हालात ऐसे बन गए थे कि कई इलाकों में हिन्दू समाज को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया। चुनाव के समय उन्हें वोट डालने तक से रोका गया, डराया-धमकाया गया। यह लोकतंत्र का अपमान था, लेकिन इस बार जनता ने इन सबका जवाब दिया है। ममता बनर्जी की हताशा चुनाव से पहले ही दिखने लगी थी। एक भ्रष्ट निजी कंपनी को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना, मतगणना में केंद्रीय कर्मचारियों की



उपस्थिति का विरोध करना, ये सभी कदम इस बात के संकेत थे कि उन्हें अपनी हार का अंदाजा हो चुका था। लेकिन लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का होता है और जनता ने अपना फैसला स्पष्ट रूप से सुना दिया।

यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दिखाती है कि देश की जनता आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास रखती है। पिछले 12 वर्षों में केंद्र में भाजपा की सरकार ने जिस तरह से विकास और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत किया है, उसका असर हर राज्य में दिख रहा है। जहां-जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां न केवल विकास हुआ है बल्कि जनता ने बार-बार उस पर मुहर लगाई है। असम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना और वह भी पहले से अधिक, लगभग तीन-चौथाई बहुमत के साथ, यह बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकारों ने विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। असम में बुनियादी ढांचे से लेकर कानून-व्यवस्था तक हर क्षेत्र में सुधार हुआ है, जिसका परिणाम जनता के विश्वास के रूप में सामने आया है।

इन विधानसभा चुनावों में विपक्ष पूरी तरह से बिखरा हुआ नजर आया। राहुल गांधी एक बार फिर इस चुनाव में असफल नेता के रूप में सामने आए हैं। वह न तो इंडी गठबंधन को एकजुट रख पाए और न ही जनता के बीच कोई विश्वसनीय विकल्प प्रस्तुत कर पाए। चुनाव परिणामों के समय उनका विदेश में होना यह दशार्ता है कि वह इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इंडी गठबंधन अब केवल नाम का गठबंधन रह गया है, जिसका भविष्य अंधकारमय दिखता है। तमिलनाडु में वर्षों से जो लोग सनातन संस्कृति का अपमान करते आए, जिन्होंने हिन्दू आस्थाओं को निशाना बनाया, दीपम जैसे धार्मिक आयोजनों में बाधाएं डालीं और धर्म-भाषा के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की। जनता ने उन्हें भी करारा जवाब दिया है। सनातन संस्कृति की तुलना डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों से करने वाली मानसिकता को जनता ने नकार दिया है। यह बदलाव धीरे-धीरे ही सही, लेकिन स्थायी रूप से उभर रहा है। पुडुचेरी में भी भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। भले ही यह प्रतिशत में कम दिखे, लेकिन यह संकेत स्पष्ट है कि दक्षिण भारत में भी भाजपा अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी वैचारिक बदलाव की शुरूआत हो चुकी है। केरल में भी भाजपा का आधार लगातार मजबूत हो रहा है। भले ही अभी वहां सत्ता तक पहुंचने में समय लगे, लेकिन जनता के बीच वैचारिक परिवर्तन साफ दिखाई दे रहा है। यह दशार्ता है कि देश का हर कोना अब विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति की ओर बढ़ रहा है।

बंगाल की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे भाजपा के लाखों कार्यकताओं का संघर्ष और बलिदान छिपा हुआ है। पिछले कई वर्षों में, खासकर पिछले विधानसभा चुनाव के बाद, भाजपा कार्यकताओं ने जिस तरह की हिंसा और उत्पीड़न का सामना किया, वह अभूतपूर्व था। हजारों कार्यकताओं को बेघर होना पड़ा, कईयों के घरों में आग लगा दी गई, दुकानों को लूट लिया गया, महिलाओं के साथ अत्याचार हुए और कई कार्यकताओं ने अपनी जान तक गंवाई। तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा किए गए इन अत्याचारों के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे। उन्होंने हार नहीं मानी, बल्कि और मजबूती से संघर्ष किया। यह संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं था, बल्कि विचारधारा और लोकतंत्र की रक्षा का संघर्ष था। आज जब बंगाल में कमल खिला है, तो यह केवल एक पार्टी की जीत नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकताओं के बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने अपने खून-पसीने से इस जमीन को सींचा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर यह जीत विशेष महत्व रखती है। यही वह भूमि है जहां से वैकल्पिक राजनीति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नींव रखी गई थी। आज उसी धरती पर भाजपा का परचम लहराना, उस विचारधारा की जीत है जो राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानती है। यह जनादेश लोकतंत्र की जीत है, संविधान की जीत है और सबसे बढ़कर बंगाल की जनता की जीत है। यह संदेश साफ है, जो सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरती, जो भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में डूबी होती है, उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। और जो सरकार विकास, सुशासन और विश्वास के साथ आगे बढ़ती है, जनता उसे बार-बार अपना समर्थन देती है। यह केवल शुरूआत है। आने वाले समय में देश की राजनीति और अधिक स्पष्ट होगी, एक तरफ विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति होगी और दूसरी तरफ अवसरवाद और तुष्टिकरण की।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

## कीव पर हमला

यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का तेज होना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक और दुखद है। सूचना है कि रूस ने करीब 75 मिसाइल दागकर यूक्रेन को पछाड़ने की कोशिश की है। रूस ने सीधे राजधानी कीव को ही निशाना बनाया है। गत दिनों क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल पर हुए विस्फोट के लिए रूस ने कीव को जिम्मेदार माना है और जिसका बदला उसने दनादन मिसाइल दागकर लिया है। कीव से आ रही तस्वीरें लोमहर्षक हैं। जगह-जगह ध्वस्त इमारतों और आगजनी से पूरा कीव शहर अस्त-व्यस्त हो गया है। कीव के अलावा भी यूक्रेन के अन्य शहरों पर मिसाइल बरसे हैं। लोगों से कह दिया गया है कि वे घर से बाहर न निकलें। आने वाले दिनों में रूसी हमला और खतरनाक होने की आशंका है। रूसी हमलों ने अगर यूक्रेन के बुनियादी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है, तो मकसद आसानी से समझा जा सकता है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कीव पर रूस ने इससे पहले 26 जून को हमला किया था। क्रीमिया और रूस को जोड़ने वाले पुल पर अगर विस्फोट न हुआ होता, तो शायद रूसी मिसाइलें कीव तक न पहुंचतीं।

इस हमले के बाद बहस भी तेज हो जाएगी कि आखिर यूक्रेन की ओर से युद्धक हमले क्यों किए जा रहे हैं? अगर मंशा युद्ध रोकने की है, तो यूक्रेन को ज्यादा संयम बरतना चाहिए, तभी दुनिया रूस को युद्ध रोकने की नसीहत दे पाएगी। रूस को युद्ध रोकने की नसीहत अनेक देश दे चुके हैं और भारतीय प्रधानमंत्री ने भी रूसी राष्ट्रपति को युद्ध रोकने की सलाह देते हुए कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन की सेना या राष्ट्रपति ने रूसी पुल पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, इससे यह संकेत गया है कि यूक्रेन और रूस के बीच कोई तीसरा पक्ष भी है, जो युद्ध भड़काना चाहता है। ऐसे विश्व-विरोधी तत्वों से सावधान रहना चाहिए। रूस ने तो पुल पर हुए विस्फोट को आतंकवादी कृत्य करार दिया है और हमें अच्छी तरह पता है कि रूस आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है। पुल पर हुए विस्फोट का अगर यूक्रेन में जश्न मनाया गया था, तो यह गंभीर व मॉस्को को चिढ़ाने वाली बात है।

हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युद्ध के खिलाफ रूस के लोगों ने प्रदर्शन किए हैं और वहां बड़ी संख्या में लोग जेलों में बंद हैं। क्या यूक्रेन में भी लोगों ने युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए हैं? परस्पर मिलकर चलने की नसीहत जितनी रूस के लिए जायज है, उतनी ही यूक्रेन के लिए भी। पश्चिमी शक्तियों के बहकावे में आकर ही यूक्रेन आज लहूलुहान है, यह बात खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बोल चुके हैं। जेलेंस्की अगर रूस में घुसकर हमला करने के पक्ष में नहीं हैं, तो उन्हें यह साफ करना चाहिए। यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा की चिंता करना जेलेंस्की का पहला काम है। पश्चिम के देश या अमेरिका में बैठे रणनीतिकार केवल अपना हित देखते हुए सलाह दे सकते हैं। युद्ध समाप्त करने की अपील के बजाय अगर पश्चिमी देश लगातार रूस को आलोचना का निशाना बनाने के उपक्रम में जुटे रहेंगे, तो आशंका है, युद्ध किसी भी समय विकराल रूप ले लेगा। यूक्रेन को अपना बचाव करने के लिए हथियार व धन देना और रूस पर हमले के लिए हथियार व धन देने में बहुत अंतर है। रूस किस हद तक जा सकता है, इसका एहसास पहले यूक्रेन को होना चाहिए, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से हमले तो केवल वही झेल रहा है।

## पुराने दोस्त द्रमुक का हाथ दिया झटक, सत्ता के लिए पाला बदलने में कांग्रेस को कभी नहीं होती हिचक




कांग्रेस के इस फैसले ने द्रमुक को गहरा राजनीतिक झटका दिया है। द्रमुक नेताओं ने इसे पीठ में छूरा घोंपना बताया है। यह नाराजगी इसलिए भी अधिक है क्योंकि द्रमुक और कांग्रेस का रिश्ता केवल चुनावी समझौता नहीं बल्कि लंबे समय की राजनीतिक साझेदारी माना जाता रहा है। तमिलनाडु की राजनीति में आज एक बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ देखने को मिला, जब कांग्रेस ने विजय की तमिलगा वेत्री कड़गम यानि टीवीके को सरकार गठन के लिए समर्थन देने की घोषणा कर दी। इस फैसले के साथ ही द्रविड़ मुनेत्र कषगम यानि द्रमुक और कांग्रेस के बीच दो दशक से अधिक पुराने राजनीतिक रिश्ते पर लगभग विराम लग गया है। कांग्रेस ने साफ किया है कि उसका यह गठबंधन केवल सरकार गठन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्थानीय निकाय, लोकसभा और राज्यसभा चुनावों तक जारी रहेगा। हम आपको बता दें कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके 234 सदस्यीय सदन में 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत है। कांग्रेस के पांच विधायकों के समर्थन के बाद यह संख्या 113 तक पहुंच गई है और अब सरकार गठन के लिए केवल पांच और विधायकों की आवश्यकता रह गई है। विजय ने राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है।


कांग्रेस ने अपने समर्थन के साथ एक महत्वपूर्ण शर्त भी रखी है। पार्टी ने कहा है कि टीवीके किसी भी परिस्थिति में भाजपा या उसके सहयोगी दलों को सरकार या गठबंधन का हिस्सा नहीं बनाएगी। तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडानकर ने कहा कि कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष, प्रगतिशील और संवैधानिक मूल्यों वाली राजनीति के साथ खड़ी है और जनता के जनादेश का सम्मान करना उसका कर्तव्य है। उधर, कांग्रेस के इस फैसले ने द्रमुक को गहरा राजनीतिक झटका दिया है। द्रमुक नेताओं ने इसे पीठ में छूरा घोंपना बताया है। यह नाराजगी इसलिए भी अधिक है क्योंकि द्रमुक और कांग्रेस का रिश्ता केवल चुनावी समझौता नहीं बल्कि लंबे समय की राजनीतिक साझेदारी माना जाता रहा है। दोनों दल पहली बार 1971 में साथ आए थे और बाद में 2004 से 2013 तक द्रमुक केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार का अहम हिस्सा रही थी। 2016 के बाद दोनों ने फिर मिलकर चुनाव लड़े और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी राजनीति की मजबूत धुरी बने। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का यह कदम केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर राष्ट्रीय राजनीति और विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी पड़ेगा। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कांग्रेस और द्रमुक तमिलनाडु में आमने सामने होंगे, तब क्या वह राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच पर बने रह पाएंगे। कांग्रेस यह तर्क दे रही है कि वाम दलों और तृणमूल कांग्रेस की तरह अलग अलग राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद इंडिया गठबंधन जारी रह सकता है। लेकिन द्रमुक की नाराजगी और कांग्रेस के नए रुख ने विपक्षी एकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटनाक्रम का सबसे बड़ा राजनीतिक लाभ विजय और उनकी पार्टी टीवीके को मिलता दिखाई दे रहा है। पहली बार चुनाव लड़कर सबसे बड़ी पार्टी बनना और उसके तुरंत बाद कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल का समर्थन हासिल करना विजय को राज्य की राजनीति में एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करता है। यही कारण है कि कांग्रेस कार्यकताओं ने चेन्नई स्थित सत्यमूर्ति भवन में जश्न मनाया और इसे नई राजनीतिक शुरूआत बताया।

विजय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से बात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित भी किया है। इससे यह संकेत मिलता है कि दोनों दल भविष्य में स्थायी राजनीतिक साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। कांग्रेस नेता प्रवीण चक्रवर्ती ने बताया कि विजय ने राहुल गांधी और खरगे को फोन कर समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। हालांकि सरकार गठन का रास्ता अभी पूरी तरह साफ नहीं है। कांग्रेस के समर्थन के बाद भी टीवीके बहुमत से पांच सीट दूर है। ऐसे में नजर अब अन्नाद्रमुक पर टिकी है, जिसके पास 47 विधायक हैं। यदि अन्नाद्रमुक किसी रूप में समर्थन देती है, तो विजय आसानी से बहुमत हासिल कर सकते हैं। लेकिन यही वह स्थिति है जिसने कांग्रेस को असहज कर रखा है, क्योंकि उसने स्पष्ट कहा है कि भाजपा या उसके सहयोगियों की भागीदारी स्वीकार नहीं होगी। ऐसे में देखना होगा कि क्या अन्नाद्रमुक में विभाजन होता है या फिर अन्नाद्रमुक भाजपा का साथ छोड़कर विजय के साथ आ जाती है। देखा जाये तो तमिलनाडु की राजनीति का इतिहास भी बताता है कि यहां गठबंधन स्थायी नहीं रहे हैं। कभी कांग्रेस और द्रमुक साथ रहे, फिर कांग्रेस अन्नाद्रमुक के साथ चली गई। 1999 में द्रमुक ने भाजपा के साथ हाथ मिलाया, जबकि 2004 में वह फिर कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में लौट आई। इस बार भी सत्ता समीकरण ने पुराने रिश्तों को बदल दिया है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो कांग्रेस का यह फैसला व्यावहारिक राजनीति का उदाहरण माना जा रहा है। पार्टी को यह एहसास हो गया था कि द्रमुक के साथ रहते हुए उसकी भूमिका सीमित होती जा रही थी। वहीं टीवीके के साथ आने से उसे भविष्य में अधिक सीटें और सत्ता में भागीदारी मिलने की संभावना दिखाई दे रही है।

## भ्रष्टाचार से देश को मुक्ति दिलाने के अभियान का सबको समर्थन करना ही चाहिए

मोदी ने इस वर्ष लाल किले से संबोधन के दौरान भ्रष्टाचारियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने इसके खिलाफ जंग में देशवासियों का सहयोग भी मांगा। प्रधानमंत्री के इस उपयोगी उद्बोधन के अनेक अर्थ निकाले गये, प्रशंसा हुई, तो आलोचना भी कम नहीं हुई है। नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री बनते ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संकल्प लिया। उन्होंने न खाऊंगा और न खाने दूंगा का शंखनाद किया, उनके दो बार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये अनेक कठोर कदम उठाये गये हैं और उसके परिणाम भी देखने को मिले हैं, लेकिन भ्रष्टाचार फिर भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। भ्रष्टाचार की जटिल से जटिल होती स्थितियों को देखते हुए ही केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सरकारी संस्थानों, मंत्रालयों और नागरिकों के लिए छह बिंदुओं का सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र जारी किया है, जिसमें उनसे भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आह्वान किया गया है। प्रतिज्ञा पत्र को आयोग ने भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए विशेष अभियान के तौर पर पेश किया है। राष्ट्र में भ्रष्टाचार के विरुद्ध समय-समय पर ऐसी क्रांतियां एवं प्रशासनिक उपक्रम होते रहे हैं। लेकिन उनका लक्ष्य, साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। प्रश्न है कि सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र की आवश्यकता क्यों पड़ी, क्या इसका हश्र ढाक के तीन पात ही होना है? देश को भ्रष्टाचार मुक्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर 2022 तक आयोजित किये जाने वाले भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत के जागृति अभियान का अभिनव उपक्रम है, इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह में तंद्रा तोड़ने के लिये भैरवी तो बजानी ही पड़ेगी। ईमानदारी के अभ्युदय के लिये ही इस प्रतिज्ञा पत्र में कहा है- जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से काम करेंगे, नियमों का पालन करेंगे। कभी रिश्वत नहीं लेंगे और न ही देंगे। सभी कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगे। जनहित में कार्य करेंगे। अपने आचरण में ईमानदारी दिखाएंगे। भ्रष्टाचार की घटना की सूचना संबंधित एजेंसी को जरूर देंगे। ये संकल्प निश्चित ही जन-जन और प्रशासन में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारी ले ले तो भ्रष्टाचार को समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। लेकिन छोटे-छोटे भ्रष्टाचार के साथ बड़े भ्रष्टाचार को भी नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी क्रांति का शंखनाद किया है जिसमें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैसी एजेन्सियां सक्रिय हुई हैं, जिसने न केवल विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की चूलें हिला दी हैं बल्कि भ्रष्टाचार के प्रश्न पर भी प्रशासन-शक्ति को जागृत कर दिया है। अब प्रशासन शक्ति जाग गयी है तो राजनीतिक दलों एवं नेताओं का हिलना, आगबबूला होना एवं बौखलाना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूछताछ के लिए तलब किया है। अन्य नेता भी इसकी गिरफ्त में आये हैं। दरअसल, सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा पत्र ऐसे वक्त में जारी हुआ है, जब माना जाने लगा है कि सरकारी काम बिना लिए-दिए नहीं हो सकता है। ऐसी परिस्थितियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मुहिम की जरूरत है, एक जागृति अभियान की आवश्यकता है। सरकारी जांच एजेंसी लगातार राज्यों से लेकर केंद्र में बैठे लोगों पर कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन उसका प्रभाव ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि आखिर इस भ्रष्टाचार को हवा कहां से मिल रही है?



# बिहार पुलिस के एक्शन का अंदाजा लगाइये, 3 महीने में 99 हजार से अधिक अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी



**पटना :** बिहार में अपराधियों पर पुलिस लगातार एक्शन कर रही है. पहले तो 'ऑपरेशन लंगड़ा' चलाया जा रहा था. अब तो एनकाउंटर में बदमाशों को ढेर किया जा रहा है. चाहे भागलपुर का मामला हो या फिर सिवान का. पुलिस पूरी तरह अपराधियों में खौफ पैदा करने की कोशिश में जुटी है.

**तीन महीने के आंकड़े :** बिहार पुलिस मुख्यालय के एडीजी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों के कारण अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है. बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां एवं बरामदगी की गई है. एडीजी ने साल 2026 के पहले तीन महीनों के आंकड़े प्रस्तुत किए गए.

**99,158 अभियुक्तों की गिरफ्तारी :** एडीजी सुनील कुमार ने कहा कि जनवरी से मार्च तक कुल 99,158 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है. इनमें जनवरी में 32,872, फरवरी में 32,675 और मार्च में 33,611 अपराधी गिरफ्तार किए गए. यह आंकड़ा राज्य में सक्रिय पुलिसिंग और निरंतर छापेमारी अभियानों का संकेत देता है."हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है. तीन महीनों में कुल 3,483 हार्डकोर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. इनमें जनवरी में 1,113, फरवरी में 1,191 और मार्च में 1,179 अभियुक्त शामिल हैं. इन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर आपराधिक मामलों में कार्रवाई की जा रही है."

**नक्सलियों पर नकेल :** नक्सल गतिविधियों को लेकर भी पुलिस ने स्थिति स्पष्ट की. एडीजी के अनुसार, इन तीन महीनों में कुल 27 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें जनवरी में 9, फरवरी में 6 और मार्च में 13 नक्सली शामिल हैं. उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सल प्रभाव अब लगभग नगण्य रह गया है, जो सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी सफलता मानी जा रही है.

**अपहरणकताओं पर शिकंजा :** फिरौती के लिए अपहरण के मामलों पर भी बिहार पुलिस ने प्रभावी नियंत्रण किया है. जनवरी से मार्च तक इस तरह के मामलों में कुल 8 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है. जनवरी में 5, फरवरी में कोई गिरफ्तारी नहीं और मार्च में 3 अभियुक्तों को पकड़ा गया. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि ऐसी घटनाएं होती भी हैं तो त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाता है."अवैध हथियारों के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाया गया है. तीन महीनों में कुल 1,086 अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं. जनवरी में 352, फरवरी में 355 और मार्च में 379 हथियार जब्त किए गए. इसके अतिरिक्त 13 रेग्युलर हथियार भी बरामद किए गए हैं.'

**24 मिनी गन फैक्ट्रियों का खुलासा :** सुनील कुमार ने कहा कि अवैध मिनी गन फैक्ट्रियों के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई हुई है. जनवरी से मार्च के बीच कुल 24 अवैध फैक्ट्रियों का उद्भेदन किया गया. इनमें जनवरी में 9, फरवरी में 11 और मार्च में 4 फैक्ट्रियां शामिल हैं. पुलिस मुख्यालय ने दावा किया है कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पूरी तरह सक्रिय है. विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं. आने वाले महीनों में भी इसी तरह के अभियान जारी रखने की बात कही गई है.

# नवादा में ट्रैफिक सुधार को लेकर प्रशासन सख्त, एसडीओ अमित अनुराग ने की उच्चस्तरीय बैठक

एजेंसी

**नवादा:** शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है. इसी कड़ी में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-01), पुलिस उपाधीक्षक यातायात, मोटरयान निरीक्षक, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सदर अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी तथा नगर थाना के थानाध्यक्ष सहित कई संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.




**एसडीओ का सख्त आदेश**

बैठक में एसडीओ ने साफ कहा कि शहर में बढ़ती जाम की समस्या आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है और इसे हर हाल में नियंत्रित करना प्रशासन की प्राथमिकता है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक निगरानी बढ़ाई जाए और अवैध पार्किंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

**सड़क किनारे से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे**

प्रशासन ने माना कि बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण जाम की मुख्य वजह है. इसको देखते हुए नगर परिषद और प्रशासन के संयुक्त अभियान के तहत सड़कों के किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाने का निर्णय लिया गया. साथ ही ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्टैंड सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया.

**विशेष ट्रैफिक प्लान होगा लागू**

बैठक में यह भी तय किया गया कि स्कूल और कार्यालय समय के दौरान विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा, ताकि भीड़भाड़ को कम किया जा सके. एसडीओ ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए, जिससे शहरवासियों को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके.

# निशांत कुमार बनेंगे सम्राट सरकार में मंत्री ! कल गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह

एजेंसी



11. पटना: बिहार में सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का गुरुवार को विस्तार होना है. इसको लेकर हलचल बढ़ी हुई है. नीतीश कुमार के साथ जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक की है. बैठक में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी शामिल थे. निशांत कुमार को लेकर भी चर्चा हुई है. जेडीयू के तमाम वरिष्ठ नेता चाहते हैं निशांत कुमार भी बनें.

**निशांत कुमार बनेंगे मंत्री ?:** जेडीयू सूत्रों के मुताबिक निशांत कुमार भी सम्राट कैबिनेट में शामिल होंगे. जेडीयू नेताओं के मनाने के बाद वह मंत्री बनने के लिए राजी हो गए हैं और कल गांधी मैदान में मंत्री पद की शपथ लेने पर अपनी सहमति दे दी है. 7 सर्कुलर रोड आवास से बैठक के बाद बाहर निकल नेताओं ने मीडिया से बातचीत नहीं की लेकिन जेडीयू एमएलसी और नीतीश कुमार के खास संजय गांधी ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि निशांत मंत्री बनें.

**युवा विधायकों को मिलेगा मौका ?:** मंत्रिमंडल में नया चेहरा देखने को मिलेगा, इस पर संजय गांधी ने कहा यह तो पार्टी के नेता ही तय करेंगे. क्या आप भी मंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं? इस पर संजय गांधी ने कहा कि मुझे कुछ नहीं मालूम है.

**जेडीयू कोटे से कौन-कौन बनेंगे मंत्री ?:** माना जा रहा है कि ज्यादातर पुराने चेहरों को ही फिर से मंत्री बनाया जाएगा. इनमें श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी और जमा खान का मंत्री बनना तय है. इसके अलावे शीला मंडल, रत्नेश सदा और जयंत राज को भी मौका मिल सकता है.

**बन सकते हैं 10 से 12 मंत्री:** विधानसभा चुनाव जीतने के बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व में जब सरकार बनी थी तब जेडीयू कोटे से 8 मंत्री बनाए गए थे. अब सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का विस्तार हो रहा है तो उसमें जेडीयू कोटे से दो मंत्री पहले से हैं. 10 से 12 मंत्री और बनाए जा सकते हैं. कुछ मंत्री पद खाली रखा जा सकता है. जेडीयू में पुराने मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह मिलना तय माना जा रहा है, कुछ नए चेहरे को भी जगह नीतीश कुमार दे सकते हैं. 15 अप्रैल को सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री की शपथ ली थी. उस समय उनके साथ जेडीयू कोटे से विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भी शपथ ली थी. दोनों को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है. मंत्रिमंडल में अभी सीएम समेत सिर्फ तीन मंत्री ही हैं. विधानसभा में सदस्यों की संख्या के हिसाब से 36 मंत्री बनाये जा सकते हैं. ऐसे में 33 मंत्री और बनाए जाने की संभावना है.

# हैवान निकली बड़ी मां: 8 साल की बच्ची को जमीन पर पटका, आलमारी के पीछे छिपाया, नहीं मरी तो गला घोंटा

एजेंसी



**किशनगंज :** बिहार के किशनगंज जिले में 8 साल की मासूम बच्ची की निर्मम हत्याकांड को पुलिस ने 48 घंटे में सुलझा लिया है. कोढ़ोबारी थाना क्षेत्र में हुई दिल दहला देने वाले इस मामले में आरोपी कोई बाहरी नहीं, बल्कि बच्ची की अपनी बड़ी मां ही कातिल निकली. पुलिस ने आरोपी महिला हैरून निशा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

**मकई के खेत में मिला था शव :** घटना की शुरूआत 2 मई 2026 को हुई, जब कोढ़ोबारी थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव में मृतिका के घर के पास ही एक मकई के खेत से उसका शव बरामद किया गया. इस मामले में पुलिस ने तत्काल केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया.

**साक्ष्यों ने खोला राज :** पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटनास्थल से टूटी हुई हवाई चप्पल, खून से सने कपड़े और वह मच्छरदानी का टुकड़ा बरामद किया है जिसे शव को ले जाते समय इस्तेमाल किया गया था. जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी ने हत्या के बाद अपने खून से सने कपड़े बदले थे और घर के चापाकल के पास उन्हें धोया था. एफएसएल की टीम ने इन सभी स्थानों से खून के सैंपल कलेक्ट किए हैं.

## संक्षिप्त खबर

### ड्रम से चावल निकालते समय सांप ने डसा, जहानाबाद में महिला की मौत



**जहानाबाद:** जहानाबाद के कल्पा थाना क्षेत्र के किनारी गांव में घर के अंदर ड्रम से चावल निकालते समय एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया. हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.घर के अंदर छिपे सांप के डसने से दर्दनाक हादसा जहानाबाद जिले के कल्पा थाना क्षेत्र के किनारी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां घर के भीतर जहरीले सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. मृतका की पहचान महापति देवी के रूप में की गई है. जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम वह घर में खाना बनाने के लिए ड्रम से चावल निकाल रही थीं, तभी नीचे छिपे सांप ने उन्हें डस लिया.सांप के काटते ही महिला की हालत तेजी से बिगड़ने लगी. परिजनों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया.बुधवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई.घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की प्रक्रिया जारी है.

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में टला फैसला, जानिए कब होगी अगली सुनवाई



**पटना:** राजद प्रमुख लालू प्रसाद की मुश्किलें थोड़ी उस वक्त कम हुई जब नई दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी केस में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपना फैसला टाल दिया. बुधवार को कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुनाने वाली थी. लेकिन, अंतिम समय में कोर्ट ने इसे टालते हुए 22 मई को फैसला देने की बात कही है.इस मामले में ईडी ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. कोर्ट पहले ही आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है और फैसला सुरक्षित रखा गया था.सूत्रों के मुताबिक, लालू परिवार ने निचली अदालत के अक्टूबर 2025 के उस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे. दूसरी ओर ईडी ने इस याचिका का जोरदार विरोध करते हुए दावा किया है कि उनके पास इस मामले से जुड़े ह्यपुख्ता सबूतह्न मौजूद हैं.सीबीआई और ईडी के अनुसार, यह मामला उस समय का है जब लालू प्रसाद 2004 से 2009 के दौरान केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे. आरोप है कि उनके कार्यकाल में आईआरसीटीसी के तहत रांची और पुरी स्थित दो होटलों के टेंडर में भारी अनियमितताएं हुईं. इन होटलों और उनसे जुड़ी जमीनों को नियमों की अनदेखी करते हुए निजी कंपनियों को पट्टे पर दिया गया, जिससे कुछ कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचा.ईडी का मानना है कि इस पूरी प्रक्रिया में मनी लॉन्ड्रिंग का एंगल भी शामिल है, जिसकी कड़ियां अब धीरे-धीरे खुल रही हैं. जबकि बचाव पक्ष इन आरोपों को सिरे से खारिज करता रहा है. अब इंतजार 22 मई का है, जब कोर्ट अपना फैसला सुनायेगा.

### बिहार के स्कूल में बड़ा हादसा, क्लासरूम में ग्रिल गिरने से छात्र की मौत



**बेगूसराय:** बिहार के बेगूसराय में एक दर्दनाक घटना सामने आई. बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय जहानपुर में ग्रिल के नीचे दबने से एक छात्र की मौत घटनास्थल पर हो गई. इसके बाद गुस्साए लोगों ने स्कूल में जमकर बवाल किया.

**घटना से लोगों में आक्रोश:** मृतक की पहचान मुन्ना कुमार, पिता भूलो यादव के रूप में हुई है, जो आठवीं कक्षा में पढ़ता था. घटना से आक्रोशित लोगों ने बच्चे के शव को लेकर मंसूरचक-बछवाड़ा मार्ग को जाम कर दिया है. मौके पर तेघड़ा एसडीएम, डीएसपी और बछवाड़ा के थाना प्रभारी पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहे हैं.

**कैसे हुआ हादसा ?:** परिजनों ने बताया कि बुधवार को सुबह 8 बजे मुन्ना कुमार स्कूल पहुंचा था. जैसे ही उसने क्लास का दरवाजा खोला, एक-एक कर उसके ऊपर 6 ग्रिल गिर गईं. सभी ग्रिल का वजन करीब 3 क्विंटल से अधिक बताया जा रहा है. ग्रिल के नीचे सिर दबने के कारण मुन्ना की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.

**परिजनों में कोहराम:** जैसे ही जानकारी मिली स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया. लोगों का आरोप है कि कई शिक्षक मौके से फरार हो गए. जब लोग पहुंचे तो बछवाड़ा पीएचसी ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है. परिजनों में कोहराम मचा है.

**किसकी लापरवाही से मौत ?:** स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल कैंपस में लाइब्रेरी भवन बनाया जा रहा है. इसको लेकर ठेकेदार ने जिस क्लास में बच्चों की पढ़ाई होती है, उसी में स्कूल की ग्रिल आदि सामान रख दिया था. वही ग्रिल मुन्ना कुमार पर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई.

**हेडमास्टर और कर्मी को बनाया बंधक:** स्थानीय लोगों ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार और निर्माण काम में लगे एक कर्मचारी को बंधक बना लिया और पुलिस के सामने ही उनकी जमकर पिटाई कर दी. मौके पर पहुंची पुलिस हेडमास्टर और कर्मी को अपने साथ ले गई.

# 85 भेड़ों के झुंड पर टूट पड़े कुत्ते, 50 की दर्दनाक मौत 13 घायल

एजेंसी



**बिहार:** बिहार के नवादा में भेड़ों के झुंड पर कुत्तों ने हमला कर दिया. इस घटना में कुल 85 भेड़ों की मौत हो गई है. वहीं 13 भेड़ गंभीर रुप से घायल बताए जा रहे हैं. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. दरअसल, मेसकौर प्रखंड में आवारा कुत्तों के हमले से पशुपालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा.

**50 भेड़ों की मौत, 13 घायल**

मेसकौर थाना क्षेत्र के बीजूबीघा ग्राम में मंगलवार देर रात कुत्तों के झुंड ने भेड़ों पर हमला कर दिया. जिससे 50 से अधिक भेड़ों की मौत हो गई, जबकि करीब 13 भेड़ें घायल हो गईं. घायल भेड़ों का उपचार कराया जा रहा है. जानकारी के अनुसार बीजूबीघा निवासी मनु पाल 85 भेड़ पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं. उन्होंने अपनी भेड़ों को गांव स्थित एक अहाते में बांध रखा था.

**कुत्तों के झुंड का हमला**

मंगलवार रात अचानक आवारा कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया और भेड़ों पर टूट पड़ा. कुत्तों ने कई भेड़ों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में बुरी तरह काट लिया. भेड़ों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था. सुबह होने पर बड़ी संख्या में भेड़ों के मृत मिलने से पशुपालक के परिवार में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मेसकौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया.

**रोजी-रोटी पर संकट**

पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है. इस घटना से पशुपालक मनु पाल को गहरा आर्थिक आघात लगा है. उनका कहना है कि भेड़ पालन ही उनकी आय का मुख्य साधन है और इतने बड़े नुकसान से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा क्षेत्र में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान की मांग की है.

# पटना में आसमान से गिरे बर्फ के गोले, झुलसाती गर्मी से मिली राहत

एजेंसी



**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है. लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली है. पटना में रह-रहकर आ रहे आंधी तूफान से मौसम लगातार करवट बदल रहा है. बुधवार की दोपहर को भी आए तेज तूफान के बाद बारिश शुरू हो गई जिसमें आसमान से बर्फ के गोले गिरने शुरू हो गए.

**पटना में गिरे बर्फ के गोले :** पटना के मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी की थी 6 मई तक बारिश और आंधी तूफान का खतरा रहेगा. पिछले कई दिनों से रह-रहकर आंधी तूफान और बारिश से बिहार के कई हिस्सों में बारिश देखने को मिली. उसी कड़ी में बुधवार की दोपहर से बारिश के साथ बड़े-बड़े ओले भी गिरे, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है.

**बदलों की लुका-छिपी :** सुबह से पटना में धूप-छांव के बीच बादल और सूरज में लुकाछिपी का खेल चलता रहा, लेकिन दोपहर तक आते-आते आंधी-तूफान के चलते बादलों में पानी का बोझ झेलने की शक्ति खत्म हो गई और जोरदार बारिश शुरू हो गई.

**बारिश और ओले गिरने से मिली गर्मी से राहत :** ओले गिरता देख बच्चे सब काफी खुश नजर आए. बारिश का असर किसी खास इलाके में नहीं बल्कि पूरे पटना क्षेत्र में देखने को मिला. बच्चे अपने घर की छतों से ओले बीनकर उसके साथ खेलने में व्यस्त हो गए तो वहीं बड़े-बुजुर्ग ओला गिरने से नुकसान का आकलन करने लग गए.

**मौसम विभाग का अलर्ट :** मौसम विभाग ने फिर 7 मई को भी गर्जन के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है. फिलहाल बिन मौसम बरसात से चढ़ता पारा थोड़ा लुढ़का है. मौसम विभाग ने जमुई, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा और शेखपुरा जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है. जिसमें मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन के साथ, वज्रपात और बारिश की चेतावनी दी गई है.

**तेज-आंधी तूफान और हेलस्टॉर्म की चेतावनी :** बात करें पूरे बिहार की तो पूर्वी और पश्चिमी बिहार में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है तो वहीं उत्तर मध्य बिहार और दक्षिण मध्य बिहार के इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. जिसमें ओलावृष्टि, वज्रपात और बारिश के साथ-साथ गर्जन और 50-60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ तूफान आने की भी चेतावनी दी है.

# केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर ठगी, एपीके फाइल से मोबाइल हैक कर 12 लाख की हुई निकासी

एजेंसी




**पटना:** पटना में साइबर ठगों ने केवाईसी अपडेट के नाम पर एपीके फाइल भेजकर लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है. एक निजी फर्म संचालक के मोबाइल में फर्जी ऐप इंस्टॉल कर खाते से 12 लाख रुपये निकाल लिए गए. ठगों ने अकाउंट लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर लगातार निकासी की। वहीं, एक अन्य मामले में ट्रैफिक चालान के नाम पर भेजी गई एपीके फाइल से मोबाइल हैक कर ऑनलाइन खरीदारी कर ली गई। दोनों मामलों में पीड़ितों ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है.

**साइबर ठगों का नया तरीका, एपीके फाइल से बना रहे शिकार**

पटना में साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाते हुए लोगों को एपीके फाइल के जरिए निशाना बनाना शुरू कर दिया है. केवाईसी अपडेट के नाम पर कॉल कर मोबाइल फोन हैक किया जा रहा है और इसके बाद बैंक खातों से पैसे निकाले जा रहे हैं.

**निजी फर्म संचालक के खाते से 12 लाख की ठगी**

मामले में एक निजी फर्म संचालक धीरज कुमार के खाते से साइबर बदमाशों ने 12 लाख रुपये की निकासी कर ली. आरोपियों ने फोन कर उन्हें केवाईसी अपडेट कराने का झांसा दिया और इसी दौरान उनके मोबाइल में एपीके फाइल इंस्टॉल करा दी.

**मोबाइल हैक कर खाते पर बनाया नियंत्रण**

एपीके फाइल इंस्टॉल होते ही बदमाशों ने मोबाइल फोन का एक्सेस हासिल कर लिया. इसके बाद उन्होंने दोबारा कॉल कर केवाईसी अपडेट और अकाउंट लिमिट बढ़ाने की बात कहकर पीड़ित को भ्रमित किया.

**लिमिट बढ़ने का झांसा देकर की लगातार निकासी**

साइबर ठगों ने पीड़ित को यह भरोसा दिलाया कि खाते से जो पैसा कट रहा है, वह केवल लिमिट बढ़ने के कारण दिख रहा है और सुरक्षित है. इसी बहाने आरोपियों ने खाते से लगातार बड़ी राशि निकाल ली.

**बैंक से जानकारी मिलने पर खुला मामला, साइबर थाने में केस दर्ज**

जब पीड़ित ने बैंक से संपर्क किया, तब अवैध निकासी का खुलासा हुआ। इसके बाद उन्होंने तुरंत साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जहां मामले की जांच शुरू कर दी गई है.

**ट्रैफिक चालान के नाम पर भी भेजी जा रही फर्जी एपीके फाइल**

इसी तरह बेऊर निवासी अनिकेत लाल को ट्रैफिक चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजी गई. फाइल डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए खरीदारी कर ली गई.

# बेतिया एसपी की कार्रवाई, रिश्वत लेने के आरोप में कंगली थाना प्रभारी निलंबित

**बेतिया:** बेतिया एसपी ने कंगली थाना प्रभारी को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया है. इस कदम के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है. फिलहाल पुलिस इस बात ता पता लगा रही है कि अवैध वसूली में और कौन-कौन शामिल था.जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी पर अपने निजी ड्राइवर के जरिए पैसे लेने का आरोप है. पीड़िता निर्मला देवी के अनुसार, उनके पति प्रमेश कुमार को गैस सिलेंडर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तार करने के बाद थानाध्यक्ष ने उन्हें जेल से बचाने के बदले 4 लाख रुपये की मांग की.जब परिवार इतनी बड़ी रकम देने में सक्षम नहीं हुआ, तो प्रमेश कुमार को जेल भेज दिया गया. पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद थानाध्यक्ष का निजी ड्राइवर उनके घर पहुंचा और मामला मैनेज करने के लिए 90 हजार रुपये की मांग की.पीड़िता के मुताबिक, उसने पहले 49 हजार रुपये दिए और इस दौरान चुपके से पूरे लेन-देन का वीडियो भी बना लिया. आरोप है कि अगले दिन 31 हजार रुपये और वसूले गए. पति के जेल से रिहा होने के बाद निर्मला देवी ने हिम्मत जुटाकर बेतिया एसपी और डीआईजी को लिखित शिकायत की.पीड़िता ने थाना प्रभारी के ड्राइवर का वीडियो, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत भी सौंपे. इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई. जांच में लगाए गए आरोप सही पाए जाने के बाद एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कंगली थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया.

# सम्राट चौधरी का कैबिनेट विस्तार 7 मई को, नए चेहरों को मिल सकती है जगह

एजेंसी



**बिहार :** बिहार के राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है. खबर है कि 7 मई को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार का कैबिनेट विस्तार होने वाला है. इस खबर के बाद संभावित मंत्रियों के नामों की चचाएं तेज हो गई है. लेकिन नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है. राजनीतिक गलियारों में यही चर्चा हो रही है कि उन्हें मंत्री पद मिलेगा या नहीं.हालांकि सूत्रों का कहना है कि निशांत कुमार भी पटना के ऐतिहसिक गांधी मैदान में मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे. यह भी चर्चा है कि इस बार कैबिनेट में अनुभवी नेताओं और नए चेहरों दोनों को जगह दी जाएगी.पूर्व सीएम नीतीश कुमार की सरकार में काम कर चुके कुछ नेताओं की वापसी की संभावना जताई जा रही है. भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है.बीजेपी से जो नेता मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं, उनमें विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडे, दिलीप जायसवाल, रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह, रमा निषाद और प्रमोद चंद्रवंशी के नाम प्रमुख हैं.इसके अलावा अरुण शंकर प्रसाद, संजय सिंह टाइगर और सुरेंद्र मेहता को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है. पार्टी के कुछ नए चेहरे भी सम्राट चौधरी के कैबिनेट में नजर आ सकते हैं.इनमें संजीव चौरसिया, नीतीश मिश्रा और मनोज शर्मा के नाम शामिल हैं. वहीं जदयू अपने भरोसेमंद और अनुभवी नेताओं पर दांव खेल सकती है. संभावित नामों में श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, सुनील कुमार, मदन सहनी और मोहम्मद जमा खान शामिल हैं.साथ ही शीला मंडल, भगवान सिंह कुशवाहा, बुलो मंडल और विनय चौधरी जैसे नए चेहरों को भी मौका मिल सकता है. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से संजय सिंह और संजय पासवान का नाम चर्चा में है.वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से संतोष सुमन को कैबिनेट में जगह मिल सकती है. राष्ट्रीय लोक मोर्चा से उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश या पत्नी स्नेहलता कुशवाहा को मंत्री बनाने की चर्चा है.

# जेएलआर ने ब्रिटेन से आयातित एसवी मॉडलों के दाम 75 लाख रुपए तक घटाए

## जगुआर लैंड रोवर को भारत-यूके फ्री एग्रीमेंट का मिला फायदा

नई दिल्ली

भारत-यूके फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के फायदे को पास-ऑन करते हुए जगुआर लैंड रोवर(जेएलआर) इंडिया ने अपनी लग्जरी एसयूवी रेंज रोवर एसवी मॉडल्स की कीमतों में कटौती की है। फ्लैगशिप रेंज रोवर एसवी की शुरुआती कीमत अब 4.25 करोड़ रुपए से घटकर 3.50 करोड़ रुपए (एक्स-शोरूम) हो गई है, यानी पूरे 75 लाख रुपए की बचत होगी। साथ ही रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी एडिशन टू की कीमत 2.75 करोड़ रुपए से घटकर 2.35 करोड़ रुपए रह गई है। इसकी कीमत में भी 40 लाख रुपए की कटौती हुई है। इसके अलावा एक नया बेस स्पोर्ट एसवी वेरिएंट भी 2.05 करोड़ रुपए में लांच किया गया है। ये कटौती यूके से इंपोर्टेड सीबीयू मॉडल्स पर ड्यूटी कम होने (110% से 30% के आसपास पहले साल) का सीधा फायदा है। इससे पहले सितंबर 2025 में जीएसटी सुधारों से भी कीमतें 30 लाख रुपए तक घटी थीं। जेएलआर पहला लग्जरी ब्रांड है, जो एफटीए के फायदे को कस्टमर्स तक पहुंचा रहा है। नई कीमतें तुरंत लागू हो गई हैं, जिससे हाई-एंड लग्जरी एसयूवी सेगमेंट और आकर्षक हो गया है। फीचर्स की बात करें, तो लिस्ट में मेरिडियन सिग्नेचर साउंड सिस्टम, 13.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट, हेड-अप डिस्प्ले, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 3डी सराउंड कैमरा, रिमोट पार्क असिस्ट, मेमोरी फंक्शन वाली सीट्स और मल्टीपल ड्राइव मोड्स शामिल हैं।

### डिजाइन और इंटीरियर

रेंज रोवर एसयू में मॉडर्न और रिडक्टिव एक्सटीरियर डिजाइन है। एक्सक्लूसिव फ्रंट ग्रिल, बंपर, कंट्रास्टिंग रेंज रोवर स्क्रिप्ट और एसयू सिरेमिक राउंडेल इसे अलग पहचान देते हैं। 23-इंच व्हील्स, एलईडी हेडलाइट्स और स्लीक प्रोफाइल इसे प्रीमियम रोड प्रेजेंस देते हैं। लॉन्ग व्हीलबेस (एलडब्ल्यूबी) वर्जन में स्पेस और प्रेजेंस दोनों बढ़ जाते हैं।



### केबिन अल्ट्रा लग्जरी

केबिन अल्ट्रा-लग्जरी है। इसे सेमी-एनीलाइन या नीयर एनीलाइन लेदर अपहोल्स्ट्री, एक्सक्लूसिव डुअल-टोन कलर स्कीम्स, हॉट स्टोन मसाज के साथ 24-वे एडजस्टेबल हीटेड-वेंटिलेटेड सीट्स और एक्जीक्यूटिव क्लास रियर सीट्स मिलती है। हाई-क्वालिटी मैटेरियल्स, एम्ब्रॉयडरी और सेंसरी फ्लोरिंग कम्फर्ट को अगले लेवल पर ले जाते हैं। रियर पैसेंजर्स के लिए लग्जरी लाउंज जैसा एक्सपीरियंस मिलता है।

## खबर संक्षेप



### सबसे अधिक स्पैम कॉल में भारत पांचवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया में पांचवें सबसे अधिक स्पैम कॉल प्रभावित देशों में शामिल है। बिक्री और टेलीमार्केटिंग कॉल्स इस समस्या का प्रमुख कारण बनी हुई हैं। कॉल करने वालों की पहचान की सुविधा देने वाले मंच 'ट्रूकॉलर' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। स्पैम कॉल से सबसे अधिक प्रभावित देशों की वैश्विक सूची में इंडोनेशिया शीर्ष पर है। इसके बाद चिली, वियतनाम और ब्राजील का स्थान है।

### एनएचपीसी की सुबनसिरी इकाई से बिजली आपूर्ति शुरू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएचपीसी ने 2,000 मेगावाट क्षमता वाली सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की चौथी इकाई से वाणिज्यिक रूप से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है। एनएचपीसी अरुणाचल प्रदेश और असम की सीमा पर उत्तर लखीमपुर के पास इस जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है। इसमें 250-250 मेगावाट की आठ इकाइयां शामिल हैं और इसकी अनुमानित लागत लगभग 27,000 करोड़ रुपये है।



### पीएनबी का मुनाफा 14 फीसदी बढ़कर 5,225 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये हो गया। ऋणदाता का इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 4,567 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय हालांकि घटकर 36,319 करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले 36,705 करोड़ रुपये थी।




### रुपया दो पैसे टूटकर निचले स्तर 95.25 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। यह गिरावट खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद आई है। इससे आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं और निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश से बच रहे हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ब्रेंट क्रूड तेल के करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने से भारत जैसे तेल आयातक देशों पर दबाव बना हुआ है। साथ ही, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है।



### मैरिको का लाभ 18 फीसदी उछलकर 408 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी मैरिको लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.26 प्रतिशत बढ़कर 408 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 345 करोड़ रुपये रहा था। मैरिको लिमिटेड ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 3,333 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,730 करोड़ रुपये थी।




## कैबिनेट में और भी लिए गए कई निर्णय, गन्ने की एमआरपी बढ़ाई गई

# एमएसएमई व एविएशन सेक्टर को बूस्ट देगी मोदी सरकार, 18100 करोड़ रुपए फंड का हुआ ऐलान

नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली यह योजना पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) दोनों की मदद करेगी।

- पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया



**आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में मदद मिलेगी:** वैष्णव ने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### रोजगार बनाए रखने में मदद मिलेगी

सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाये रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई और विमानन क्षेत्र पर वित्तीय दबाव काफी बढ़ गया है।

### दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

केंद्र सरकार ने दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत मंजूरी दी गई है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली वाणिज्यिक मिनी/माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले इकाई और एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई शामिल है।

### वडिनार में बनेगा अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र

केंद्र सरकार ने गुजरात के वडिनार में 1,570 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना को दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड संयुक्त रूप से लागू करेंगे।

### कपास उत्पादकता बढ़ाने 5,659 करोड़ मंजूर

सरकार ने कपास क्षेत्र में घटती वृद्धि, उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 5,659.22 करोड़ रुपये के एक पंचवर्षीय मिशन को मंजूरी दी। यह मिशन कपास क्षेत्र की बाधाओं को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। नवीनतम अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में देश का कपास उत्पादन 170 किलोग्राम की गांठों के हिसाब से 291 लाख गांठ रहा है।

### सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपए बढ़ाया

सरकार ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने बताया, "10.25 प्रतिशत की मूल प्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा।" हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है।

# मिड ईस्ट संकट भारत की जीडीपी वृद्धि दर को नीचे ला सकता है : सीआईआई

नई दिल्ली




उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष, समुद्री आपूर्ति में बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकती हैं। मेमानी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुआ मौजूदा ऊर्जा संकट यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन सकता है। उन्होंने बातचीत में कहा, यदि पश्चिम एशिया का यह संकट समय पर सुलझ जाता है, तो आर्थिक वृद्धि की रफ्तार फिर तेज हो सकती है और यह 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। लेकिन यदि यह बहुत लंबे समय तक खिंचता है, तो वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। हालांकि, उन्होंने माना कि जब तक पश्चिम एशिया का संकट समाप्त नहीं होता, तब तक जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों को लेकर स्पष्ट आकलन करना कठिन है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में मेमानी ने कहा, विभिन्न कीमत स्तरों और उनके भारत की वृद्धि पर अलग-अलग प्रभाव के पर्याप्त उदाहरण मौजूद हैं। पिछले 10-12 वर्षों में, बीच-बीच में कुछ अवधियों को छोड़कर, तेल की कीमतें सामान्य रूप से संतुलित रही हैं और इससे भारत को मजबूत आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है। अध्यक्ष ने कहा कि 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर की कोई भी कीमत आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगी, क्योंकि हम अभी तक अपनी मांग के ढांचे में पर्याप्त बदलाव नहीं कर पाए हैं।

- देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती हैं

# चांदी 1,500 रुपए मजबूत सोना 300 रुपए फिसला



नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को भी सोने पर दबाव बना रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और समग्र व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर इसके प्रभावों को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।'' गांधी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति ने ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति जारी रहने की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। गांधी ने कहा, ''अब जब यह संघर्ष अपने दसवें सप्ताह में है, तो बदलते व्यापक आर्थिक हालात के जवाब में निवेशक डॉलर और बॉन्ड को तरजीह दे रहे हैं, जबकि वे सोने से दूरी बनाए हुए हैं।

- चांदी बढ़कर 2.51 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम पहुंची

### संघर्ष विराम को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ

ऑगमोंट की शोध प्रमुख, रेनीशा चेनानी ने कहा कि इस क्षेत्र में फिर से भड़की हिंसा ने चार सप्ताह से चल रहे संघर्ष-विराम के प्रयासों को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है।

# जिंदल स्टेनलेस के लाभ में 41 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली

जिंदल स्टेनलेस का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 मार्च को समाप्त तिमाही में 41 प्रतिशत बढ़कर 834.21 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने कहा कि उसे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 589.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

चौथी तिमाही के दौरान, कंपनी की कुल आय बढ़कर 11,427.91 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 10,292.27 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्तवर्ष 2025-26 के लिए, कंपनी का शुद्ध मुनाफा बढ़कर 3,184 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वर्ष 2024-25 में 2,499.72 करोड़ रुपये था। कुल आय मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान बढ़कर 43,306.14 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 39,603.06 करोड़ रुपये थी।




# पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 252 अंक फिसला

कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और रुपए में गिरावट से धारण प्रभावित

मुंबई

वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 86 अंक टूटकर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बढ़ता तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम पर दबाव घरेलू बाजार में गिरावट की मुख्य वजह रही। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 251.61 अंक गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 754.37 अंक लुढ़ककर 76,515.03 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में बढ़त दर्ज की गई।



### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आया

नायर ने कहा कि ऊंचे कच्चे तेल के दामों का दबाव बने रहने से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों के उम्मीद से थोड़े बेहतर परिणामों ने कुछ सहारा दिया और चुनिंदा शेयरों में निचले स्तर पर खरीदारी देखी गई।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा के लाभ में 48 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 48.5 प्रतिशत बढ़कर 5,259.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 3,541.85 करोड़ रुपये रहा था। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी तिमाही में परिचालन आय 54,891.55 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 42,585.67 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कुल व्यय सालाना आधार पर 39,113.61 करोड़ रुपये से बढ़कर 49,615.48 करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.32 प्रतिशत बढ़कर 18,621.71 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2024-25 में 14,073.17 करोड़ रुपये था।




# कच्चे तेल के महंगे होने से भारतीय तेल कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव : फिच

नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बने रहने और घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने की स्थिति में भारत की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इससे उनकी कमाई और नकदी प्रवाह भी प्रभावित होगा। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की ऊंची लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने पर तेल कंपनियों की कर-पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) तेजी से घट सकती है।

## सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' ने जारी की रिपोर्ट

# महंगे मेमोरी चिप्स से घट सकती है मोबाइल की आपूर्ति

नई दिल्ली

मेमोरी चिप्स की कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से इस साल भारत में स्मार्टफोन की आपूर्ति 10-12 प्रतिशत तक घट सकती है। बाजार शोध फर्म सीएमआर की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' रिपोर्ट के मुताबिक, देश के स्मार्टफोन बाजार में सालाना आधार पर आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरएएम और एनएएनडी फ्लैश जैसी मेमोरी की कीमतों में तेज वृद्धि से मोबाइल फोन की लागत बढ़ गई, जिससे कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ीं।

- कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से आपूर्ति 12 प्रतिशत घटने का अनुमान



**एप्पल की आपूर्ति में छह फीसदी की वृद्धि:** रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई और उसकी बाजार हिस्सेदारी नौ प्रतिशत रही। सीएमआर रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली तिमाही में शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से केवल वीवो और ओप्पो की आपूर्ति में क्रमशः एक प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### वीवो 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर

वहीं सैमसंग, शिओमी और रियलमी की आपूर्ति में क्रमशः 8 प्रतिशत, 7 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन का स्मार्टफोन ब्रांड वीवो 21 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बाजार में शीर्ष पर रहा। इसके बाद सैमसंग (17 प्रतिशत), ओप्पो (14 प्रतिशत), शिओमी (12 प्रतिशत) और रियलमी (10 प्रतिशत) का स्थान रहा। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रांसियन और वनप्लस को सबसे अधिक नुकसान हुआ जिनकी आपूर्ति में क्रमशः 30 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। फीचर फोन खंड में चीन का ब्रांड आईटेल मोबाइल 35 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर रहा। हालांकि इसकी आपूर्ति में 26 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद लावा (34 प्रतिशत) और एचएमडी (18 प्रतिशत) का स्थान रहा।

### उपभोक्ताओं ने फोन बदलने की योजना टाली

इसका असर खासकर कीमत के प्रति संवेदनशील उपभोक्ताओं पर पड़ा है और उन्होंने फोन बदलने की योजना टाल दी है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के उपाध्यक्ष (उद्योग शोध समूह) प्रभु राम ने कहा कि भारत में 2026 के दौरान स्मार्टफोन बाजार में गिरावट लागत बढ़ने के दबाव और सतर्क मांग दोनों का मिला-जुला असर दर्शाती है।

### प्रीमियम वर्ग सुरक्षित बना हुआ

राम ने कहा, "डीआरएएम और एनएएनडी मेमोरी की ऊंची कीमतों ने स्मार्टफोन की लागत बढ़ा दी है, जिससे आम उपभोक्ता वर्ग में खरीद क्षमता प्रभावित हुई है जबकि प्रीमियम वर्ग अपेक्षाकृत सुरक्षित बना हुआ है।" उन्होंने कहा कि इससे किफायती और वैल्यू-फॉर-मनी श्रेणियों की आपूर्ति में इस साल 10-12 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

# भू-राजनीतिक तनावों के चलते ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाएं लगातार हो रही बाधित

पुणे

एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी यानी (एमआईटी-डब्लूपीयू) के वार्षिक भू-तापीय सम्मेलन मैग्मा 2026 में विशेषज्ञों ने कहाकि वैश्विक ऊर्जा अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के चलते ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाएं लगातार बाधित हो रही हैं। ऐसे में भारत को भू-तापीय ऊर्जा और प्राकृतिक हाइड्रोजन जैसे उभरते संसाधनों में निवेश तेज करके अपने ऊर्जा मिश्रण को और विविध बनाना होगा।

भू-तापीय ऊर्जा की खोज और उत्पादन पर केंद्रित इस पांच दिवसीय विशेष कार्यशाला में दुनियाभर के 16 से अधिक संगठनों की भागीदारी रही। इनमें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आईआईटी, आईआईएसईआर, सीडैक, सीएसआईआर की प्रयोगशालाएं, हैलिबर्टन, सीएमजी, बीसिप-फ्रैनलैब, एपेक्स वेल्स और ब्लैक रिवर जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां तथा सेरोस एनर्जी, थर्मैक्स और निश्रा एनर्जी जैसी भारतीय कंपनियां और पुणे के कई विश्वविद्यालय शामिल थे। कार्यक्रम में सेरोस एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ डॉ. आशीष अग्रवाल कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भू-तापीय ऊर्जा का विकास बेहद जरूरी है और सेरोस इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विश्वप्रसिद्ध भूभौतिकी विद और राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. प्रकाश कुमार ने बताया कि उन्नत भूभौतिकी और भूवैज्ञानिक तरीकों के एकीकृत नतीजे बहुत अधिक सटीकता के साथ भू-तापीय संभावनाओं की पहचान करने में सक्षम हैं।



कार्यक्रम मे डॉ. आशीष अग्रवाल और डॉ. प्रकाश कुमार

# तमिलनाडु में 'विजय' का राज : राज्यपाल से मिलकर पेश किया सरकार बनाने का दावा, 113 विधायकों ने दिया समर्थन!

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। तमिलगा वेत्री कड़गम के प्रमुख और सुपरस्टार विजय ने बुधवार को राजभवन पहुँचकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश किया। इस घटनाक्रम ने राज्य के सियासी समीकरणों को पूरी तरह बदल दिया है, विशेषकर तब जब कांग्रेस ने डीएमके के साथ अपना दशकों पुराना नाता तोड़कर विजय की पार्टी को समर्थन देने का ऐतिहासिक ऐलान किया है।



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद 'टीवीके' सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। विजय ने राज्यपाल को सौंपे गए पत्र में दावा किया है कि उनके पास सरकार चलाने के लिए आवश्यक संख्या बल मौजूद है।

**कांग्रेस का डीएमके से नाता खत्म: 'सत्यमूर्ति भवन' में जश्न**

तमिलनाडु कांग्रेस के प्रभारी गिरीश चोडानकर ने स्पष्ट किया कि पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने विजय से मुलाकात कर उन्हें अपना पूरा समर्थन पत्र सौंप दिया है। कांग्रेस ने लंबे समय से सहयोगी रही डीएमके से अपना गठबंधन तोड़ लिया है। इस घोषणा के साथ ही चेन्नई स्थित कांग्रेस मुख्यालय 'सत्यमूर्ति भवन' में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर इस नए गठबंधन का स्वागत किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने भी इस फैसले पर अपनी सहमति दे दी है।

**राज्यपाल का अगला कदम: क्या मुख्यमंत्री बनेंगे विजय?**

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने विजय का दावा स्वीकार कर लिया है। राजभवन के सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल अब सबसे बड़ी पार्टी और उसे मिले समर्थन के पत्रों की कानूनी जांच करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि राज्यपाल जल्द ही विजय को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने और विधानसभा में अपना बहुमत साबित करने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। कांग्रेस का यह कदम न केवल तमिलनाडु बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ा संकेत है। केंद्र में 'इंडिया गठबंधन' की प्रमुख सहयोगी डीएमके को छोड़कर एक नई क्षेत्रीय पार्टी के साथ जाना, 2029 के लोकसभा चुनाव की रणनीतियों में बड़े बदलाव का इशारा कर रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि दक्षिण भारत में कांग्रेस अब अपनी स्वतंत्र पहचान और नए विकल्पों की तलाश कर रही है।

# असम के सीएम हिमंता ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा, जल्द ही सरकार बनाएंगे

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अपना इस्तीफा राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सौंप दिया. इसके साथ ही भाजपा के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया. बता दें कि 4 मई को असम विधानसभा चुनाव 2026 में एनडीए ने बड़ी जीत हासिल की है. भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटें जीती. असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को एक चरण में हुए थे और मतगणना चार मई को हुई थी. इस



बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय ने ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यअसम चुनाव 2026 के परिणामों की औपचारिक अधिसूचना के बाद और नयी सरकार के गठन को सुगम बनाने के लिए डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने आज लोक भवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया और साथ ही उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी इस्तीफा सौंप दिया.

पोस्ट में कहा गया कि राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नयी सरकार के पदभार संभालने तक सरमा से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने का अनुरोध किया है. वहीं लोक भवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए सरमा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद होने की संभावना है. सरमा ने कहा, यह ऐतिहासिक जीत है, इसलिए हमने इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है. असम के नए मुख्यमंत्री का चयन केंद्रीय पर्यवेक्षकों जे. पी. नड्डा और नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक में किया जाएगा.

# बंगाल में चुनाव बाद हिंसा में पुलिसकर्मी समेत कई घायल, 80 आरोपी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद, चुनाव आयोग सख्त

एजेंसी

**बशीरहाट।** पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की कई खबरें सामने आई. कोलकाताः टीएमसी मंत्री अरूप बिस्वास के टॉलीगंज स्थित ऑफिस में अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ की. इस बीच चुनाव आयोग ने हिंसा में शामिल आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दिये हैं. फिलहाल कई इलाकों में माहौल गर्म है. सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय कुमार के अनुसार 80 लोगों को गिरफ्तार किया है और हथियार भी बरामद किए हैं. नॉर्थ 24 परगना के बशीरहाट सबडिवीजन में मौजूद नाजत में दो पुलिसवालों को गोली लगने की खबर है. जानकारी के अनुसार नाजत पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-



इन-चार्ज भरत प्रसून कर और एक कांस्टेबल को स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के राजबाड़ी इलाके में दो समूहों के बीच झड़प को शांत करने की कोशिश करते समय गोली लगी. इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. स्थानीय सूत्रों के मुताबिक इलाके में दो समूहों के बीच झड़प, पत्थरबाजी और क्रूड बम से हमले की जानकार मिली. इस जानकारी पर पुलिस की एक टुकड़ी मौके पर पहुंची. कहा जा रहा है कि उसी समय पास के एक घर के अंदर से बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज के पैर में गोली लग गई, जबकि एक और पुलिसवाला भी घायल हो गया. दोनों को खून से लथपथ हालत में बचाया गया और बाद में इलाज के लिए कोलकाता के चित्तरंजन हॉस्पिटल में ट्रांसफर कर दिया गया.

**80 लोगों को गिरफ्तार किया: कोलकाता पुलिस कमिश्नर**



कोलकाता पुलिस कमिश्नर अजय कुमार नंद ने कहा, 'चुनाव शांति से हुए हैं. हिंसा या धमकी की कोई घटना नहीं हुई है, और लोगों ने आजादी और निष्पक्ष रूप से वोट दिया है. मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि उस दिन जैसा माहौल था, वैसा ही रहेगा. आने वाले दिनों में भी ऐसा ही रहेगा. मैं सभी से अपील करता हूं कि कानून-व्यवस्था बनाए रखें. अफवाहों पर ध्यान न दें, अगर कोई दिक्कत हो तो पुलिस से संपर्क करें. कोलकाता में अर्धसैनिक बल तैनात हैं. जुलूस के लिए पुलिस से परमिशन लेनी होगी. हमने 80 लोगों को गिरफ्तार किया है और हथियार भी बरामद किए हैं.'

बशीरहाट पुलिस डिस्ट्रिक्ट के एसपी से संपर्क किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. तभी पूरे इलाके में तनाव देखा गया. पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया. सूत्रों के अनुसार पुलिसकर्मियों के अलावा कई और लोगों को गोली लगने की आशंका है. हालांकि, इस बारे में कोई पक्की जानकारी या आधिकारिक बयान नहीं आया है.

दो फेज में हुए चुनाव खत्म होने के बाद सोमवार को चुनाव के नतीजे घोषित किए गए. तब से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अशांति की छिटपुट घटनाएं सामने आई. दो आम नागरिकों की मौत की खबरें भी है. खबर है कि न्यूटाउन में एक बीजेपी कार्यकर्ता की जान चली गई, जबकि बेलियाघाटा में एक टीएमसी वर्कर की मौत हो गई. इसके अलावा राज्य भर में उत्तर से लेकर दक्षिण तक तृणमूल पार्टी ऑफिसों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ की कई खबरें हैं. बीरभूम जैसे जिलों में भी झड़प की कई घटनाएं सामने आई हैं. यह इलाका पहले से तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है. इस बीच हावड़ा के वार्ड नंबर 26 में सड़क पर तृणमूल के पूर्व पार्षद श्यामल मित्रा की पिटाई के आरोप सामने आए हैं. मारपीट का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में काफी तनाव फैल गया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह घटना जो मंगलवार शाम को हुई. वीडियो फुटेज में कई लोग श्यामल मित्रा को घेरते हुए दिखे. कुछ देर बाद वह घायल हालत में सड़क पर पड़े दिखे. हालांकि, हमले के पीछे का असली मकसद अभी साफ नहीं है.

## संक्षिप्त खबर

### बदरीनाथ धाम पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री, 22 दिन करेंगे साधना, विश्व कल्याण का संकल्प



**चमोली:** उत्तराखंड के पवित्र हिमालयी बदरीनाथ धाम में इन दिनों भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष संचार देखने को मिल रहा है. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को बदरी विशाल की शरण में पहुंचे, जहां उनके आगमन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री विशेष हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम पहुंचे थे. पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के धाम पहुंचते ही जय बदरी विशाल और जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा. श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया, जिससे धाम का आध्यात्मिक वातावरण और भी ऊजार्वान हो गया. . 22 दिन की विशेष साधना, विश्व शांति का संदेश: जानकारी के अनुसार, पंडित धीरेंद्र शास्त्री आगामी 21 से 22 दिनों तक बदरीनाथ में प्रवास करेंगे. इस दौरान वे ऋषि गंगा के शांत तट पर स्थित ध्यान केंद्रों में गहन योग और विशेष साधना करेंगे. उनका यह प्रवास केवल व्यक्तिगत साधना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वे कथा और प्रवचनों के माध्यम से विश्व कल्याण, मानवता की सेवा और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार का संदेश भी देंगे. संतों और स्थानीय जनों ने किया स्वागत: बाबा योगेश्वर दास महाराज और चारधाम होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगवानी की. स्थानीय लोगों का मानना है कि इस तरह के आध्यात्मिक आयोजनों से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन और आस्था दोनों को मजबूती मिलती है. सुरक्षा के कड़े इंतजाम: पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की बढ़ती लोकप्रियता और बड़ी संख्या में उमड़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क नजर आया.

### पश्चिम बंगाल : सीईसी मनोज अग्रवाल राज्यपाल आरएन रवि से मिले, 293 विजयी उम्मीदवारों की सूची सौंपी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल सहित चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी आज बुधवार को कोलकाता स्थित लोक भवन जाकर राज्यपाल आरएन रवि से मिले. खबर है कि इस मुलाकात में नयी विधानसभा के गठन और आगे की संवैधानिक प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट की गयी. उएउ ने 293 विजयी उम्मीदवारों की सूची राज्यपाल को सौंपी, उएउ मनोज अग्रवाल ने बाद में मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि अधिसूचना के आधार पर नयी विधानसभा का गठन किया जाता है. साथ ही पुरानी विधानसभा का कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाता है. इसके बाद राज्यपाल कार्यालय द्वारा आवश्यक औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी की जायेंगी. जिसमें शपथ ग्रहण समारोह शामिल होगा. चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा कि एउककेवल चुनाव कराना और परिणाम घोषित करने तक हमारी भूमिका सीमित है. उएउ ने स्पष्ट किया कि सीएम के इस्तीफे या सरकार गठन से आयोग का कोई सीधा संबंध नहीं है. सीईसी के अनुसार, चुनाव आयोग द्वारा एक वैधानिक अधिसूचना जारी की जाती है, जिसे राज्यपाल को सौंपा जाता है. इसमें यह जानकारी दी जाती है कि किस उम्मीदवार को किस सीट से विजय मिली है. उन्होंने बताया कि राज्य में फाल्टा सीट पर 21 मई को दोबारा मतदान कराया जाएगा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा इस्तीफे देने से इनकार करने के सवाल पर मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह पूरी तरह संवैधानिक और राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है. इसमें चुनाव आयोग की कोई भूमिका नहीं होती. यह मुख्यमंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति के बीच का मामला है.

### जालंधर, अमृतसर में बीएसएफ और आर्मी से जुड़े इलाकों में दो धमाके, जांच एनआईए के हवाले

**अमृतसर।** पंजाब के जालंधर और अमृतसर में बीएसएफ और आर्मी से जुड़े इलाकों के पास हुए दो धमाकों से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के माथे पर बल पड़ गये हैं. इन धमाकों ने बड़े आतंकी मॉड्यूल की आशंका को जन्म दिया है. शुरूआती जांच में खालिस्तानी कनेक्शन और आईएसआई की साजिश की बात सामने आ रही है. अहम खबर यह है कि इन घटनाओं की जांच एनआईए के हवाले कर दी गयी है. बता दें कि जालंधर में बीएसएफ चौक के पास मंगलवार रात लगभग आठ बजे बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय के बाहर खड़ी एक स्कूटी में धमाका हुआ. इलाके में हड़कंप मच गया. इससे कैंपस की दीवारें हिल गयी. धमाके की आवाज लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर तक सुनाई दी. बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर हेडक्वार्टर के बाहर हुए धमाके का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. धमाका जोरदार था, इसमें स्कूटी के परखच्चे उड़ गये और वह धू धू कर जलने लगी उधर अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक खासा क्षेत्र में बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर मंगलवार की रात लगभग 11 बजे जोरदार धमाका हुआ. एसएसपी सोहेल मीर कासिम ने कहा कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बाइक पर सवार दो नकाबपोशों ने विस्फोटक बीएसएफ हेडक्वार्टर की तरफ फेंका. इसमें जोरदार धमाका हुआ.

### ममता बनर्जी की जिद पर भड़के जेठमलानी, कहा- इस्तीफा न दें, तो धक्के मारकर निकालें, वह अब ऑफिस में घुसपैठिया

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत हुई है. इसके बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है. इस पर देश के सबसे बड़े वकीलों में शुमार महेश जेठमलानी ने अपने गुस्से का इजहार किया है. उन्होंने ममता बनर्जी के इस कदम को भारतीय लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरनाक स्टंट करार दिया है. महेश जेठमलानी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक बार जनादेश हारने के बाद मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना पद पर अवैध कब्जा है. अगर वे स्वेच्छा से नहीं हटती हैं, तो राज्यपाल को उन्हें अपमानजनक तरीके से बर्खास्त कर देना चाहिए. उन्होंने यहां तक कह दिया कि 7 मई के बाद उन्हें दफ्तर में एक घुसपैठिये की तरह माना जाना चाहिए. महेश जेठमलानी ने ममता बनर्जी के मोरल विक्ट्री और साजिश वाले दावों की धज्जियां उड़ाते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किये. उन्होंने कहा- ममता बनर्जी का इस्तीफा न देना संवैधानिक मानदंडों की धज्जियां उड़ाना है. जनादेश खोने के बाद वे अब मुख्यमंत्री नहीं हैं. अगर वे कुर्सी नहीं छोड़ती हैं, तो उन्हें धक्के मारकर बाहर निकाला जाना चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी कि निवर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को खत्म हो रहा है. इसके बाद उनकी हर गतिविधि अवैध होगी और उनके खिलाफ ट्रेसपासिंग (अनाधिकृत प्रवेश) का मामला बन सकता है.

# भारत और वियतनाम में 13 समझौते हुए, यूपीआई और वियतनाम का फास्ट पेमेंट सिस्टम जल्द ही जुड़ेगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम के भारत दौरे को दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में गति देने वाला माना जा रहा है. भारत और वियतनाम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. दोनों देशों के बीच बुधवार को 13 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं. पीएम मोदी ने बताया कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए, हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का पुनर्निमाण कर रहे हैं. अब हम चम्पा सभ्यता की मनुस्क्रिप्ट को भी डिजिटलाइज करेंगे, और इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करेंगे. मोदी ने कहा कि हिंद-प्रशांत के लिए दोनों देशों का नजरिया एक जैसा है और दोनों पक्ष कानून के राज, शांति, स्थिरता और खुशहाली में योगदान देते रहेंगे. ऐसा समझा जाता है कि



दोनों पक्षों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में चीन की बढ़ती मिलिट्री ताकत पर भी चर्चा हुई. लाम, एक उच्च स्तर प्रतिनिधिमंडल के साथ, मंगलवार को भारत की अपनी तीन दिन की यात्रा पर निकले. इस महीने राष्ट्रपति चुने जाने के बाद यह देश की उनकी पहली सरकारी यात्रा है.

पीएम मोदी ने अपने मीडिया स्टेटमेंट में कहा कि भारत और वियतनाम ने रिश्तों को बेहतर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया है. मोदी ने कहा, ॅवियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और विजन ओशन का एक अहम स्तंभ है. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी, हम एक जैसी सोच रखते हैं. उन्होंने कहा, हमारे मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग के जरिए, हम कानून के राज, शांति, स्थिरता और खुशहाली में योगदान देते रहेंगे. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वियतनाम के सहयोग से आसियान के साथ अपने संबंधों को और बढ़ाएगा. उन्होंने कहा कि वित्तीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए हमने दोनों देशों के सेंट्रल बैंकों के बीच सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है. उन्होंने कहा कि भारत का यूपीआई और वियतनाम का फास्ट पेमेंट सिस्टम जल्द ही जुड़ जाएगा.

# दिल्ली में 'हीटवेव' का एक्शन प्लान: सीएम रेखा गुप्ता ने 13 मोबाइल यूनिट्स को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सीएम रेखा गुप्ता सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बताया जा रहा है कि आज 6 मई बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय से 13 मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इन यूनिट्स का मुख्य उद्देश्य राजधानी के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर लोगों को तुरंत राहत और जरूरी सुविधाएं देना है, ताकि गर्मी से होने वाले जोखिम को कम किया जा सके। मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स की सहायता से लोगों को ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही डफ्र के पैकेट भी दिए जाएंगे. ताकि शरीर में पानी और लवण की कमी ना हो। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) की सुविधा भी दी जाएगी। तेज धूप और लू से बचाव के लिए कॉटन के गमछे और कैप भी लोगों को दिए जाएंगे, जिससे बाहर काम करने वाले लोगों को खास सहायता मिल सके।



**हीट एक्शन प्लान तैयार**

सरकार ने हीट एक्शन प्लान बुकलेट भी जारी की है, जिसमें हीटवेव से बचाव के उपाय और जरूरी सावधानियों के बारे में बताया गया है। सरकार का कहना है कि जागरूकता, और समय पर तैयारी ही इस तरह की प्राकृतिक परिस्थितियों से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है। इस बुकलेट की सहायता से आम लोगों को गर्मी के दौरान सुरक्षित रहने के लिए दिशा-निर्देश मिलेंगे।

**मुख्यमंत्री ने लोगों से की अपील**

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस भयंकर गर्मी में अपने परिवार का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त पानी पीते रहें। ज्यादा देर धूप में खड़े रहने से बचें, और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। सरकार ने भरोसा दिलाते हुए कहा है कि मोबाइल यूनिट्स की मदद से जरूरतमंदों तक तेजी से सहायता पहुंचेगी, ताकि सभी को हीटवेव के प्रभाव से बचाव हो सके।

# बंगाल में 'कमल' युग की शुरूआत: 9 मई को ब्रिगेड ग्राउंड में होगा शपथ ग्रहण, पीएम मोदी बनेंगे ऐतिहासिक पल के गवाह

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार! 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा शपथ ग्रहण समारोह। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की मौजूदगी में नया मुख्यमंत्री लेगा शपथ। टीएमसी के 15 साल के शासन का हुआ अंत। पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों में प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपनी पहली सरकार के गठन की तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने आधिकारिक घोषणा की है कि नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई 2026 को कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। यह समारोह सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें देश भर के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगने की उम्मीद है।

**अमित शाह बने मुख्य केंद्रीय पर्यवेक्षक : मुख्यमंत्री के नाम पर**




**ब्रिगेड ग्राउंड में भव्य आयोजन: पीएम मोदी और एनडीए के दिग्गज होंगे शामिल**

भाजपा ने अपनी जीत के जश्न और शपथ ग्रहण के लिए कोलकाता के सबसे प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड को चुना है।

अतिथिः इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं मौजूद रहेंगे।

बड़ी भागीदारीः पार्टी सूत्रों के अनुसार, एनडीए के घटक दलों के नेता, भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री इस समारोह में शिरकत करेंगे।

मंत्रिमंडल का स्वरूपः शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के साथ लगभग दो दर्जन मंत्रियों के भी शपथ लेने की संभावना है।

टीएमसी के 15 साल के शासन का अंतः आंकड़ों में भाजपा की 'सुनामी'

4 मई को हुई मतगणना के नतीजों ने बंगाल की सियासी तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है।

भाजपा का प्रदर्शनः पिछले चुनाव में महज 77 सीटें जीतने वाली भाजपा ने इस बार 'सुनामी' लाते हुए 207 सीटों पर कब्जा जमाया है।

टीएमसी की करारी हारः ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का 15 साल लंबा शासन खत्म हो गया है। टीएमसी, जिसने पिछले चुनाव में 215 सीटें जीती थीं, इस बार मात्र 80 सीटों पर सिमट कर रह गई है।

**मंथन**

बंगाल की अहमियत को देखते हुए भाजपा आलाकमान ने गृह मंत्री अमित शाह को नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए मुख्य केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उनके साथ ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## कश्मीर घूमने आए अमेरिकी नागरिक की श्रीनगर में मौत, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**श्रीनगर:** कश्मीर घूमने आए एक 83 साल के अमेरिकी नागरिक की आज अचानक मौत हो गई. खबर के मुताबिक, वह सुबह श्रीनगर में डल झील के हाउसबोट में बेहोश होकर अचानक गिर पड़े और उनकी मौत हो गई. पुलिस मामले की जांच कर रही है. अधिकारियों ने मृतक की पहचान एंडरसन जॉन डेविड के तौर पर की है. वह अमेरिका के वाशिंगटन डीसी के रहने वाले जॉन डेविड के बेटे थे. श्रीनगर में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मरने वाले के बीमार पड़ने पर हाउसबोट मालिकों और दूसरे लोगों ने उन्हें पास के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी पत्नी और एक और जान-पहचान वाले भी थे. अधिकारी ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें आते ही मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि शव को एसएमएचएस अस्पताल और बाद में आगे की कानूनी और मेडिकल प्रक्रिया के लिए शहर के पुलिस कंट्रोल रूम में शिफ्ट कर दिया गया. नेहरू पार्क पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सेक्शन 194 बीएनएसएस के तहत इस मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि, मृतक विदेशी नागरिक के कश्मीर आने की हिस्ट्री और उसकी मौत के कारणों की जांच की जा रही है.

# हरियाणा में पूरी सरकार ही घुसपैठिया, बीजेपी का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता : राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं. बुधवार को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि वोट चोरी के जरिए कभी सीटें चुराई जाती हैं, तो कभी पूरी की पूरी सरकार ही हड़प ली जाती है. इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार को घुसपैठिया तक बता डाला. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट कर लिखा वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। लोकसभा के 240 बीजेपी सांसदों में से, मोटे तौर पर हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। पहचानना मुश्किल नहीं- क्या उन्हें बीजेपी की भाषा में घुसपैठिए कहें? और हरियाणा? वहां तो पूरी सरकार ही घुसपैठिया है। जो संस्थाएं अपनी जेब में रखते हैं, जो मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ देते हैं-वो खुद "remote controlled" हैं।



उन्हें असली डर सच्चाई का है। क्योंकि निष्पक्ष चुनाव हो जाएं, तो आज ये 140 के पास भी नहीं जीत सकते।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी लगा चुके वोट चोरी का आरोप**

बता दें कि राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजे आने के बाद चुनाव आयोग और बीजेपी पर हमला बोला है. इससे पहले भी हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी ने बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फर्जी वोटर का कथित सबूत भी दिया था. पश्चिम बंगाल में मिली हार के बाद एक बार फिर से राहुल गांधी ने बीजेपी पर वोट चोरी का आरोप लगाया है.

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला



# द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



# प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



# बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।


## टीवी मसाला




# पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं।

# करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

## जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम





### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.